चम्पावत	लोहाघाट	12

चम्पावत	पाटी	8
जनपद योग		56
राज्य योग		**482**

ग्राम पंचायत पर 2011 के बाद राज्य, जनपद और विकासखण्ड़ वार पेयजल का अभाव वाले ग्रामों/तोकों की संख्या		
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	कुल राजस्व ग्राम /तोक (वर्तमान में)
चम्पावत	बाराकोट	0
चम्पावत	चम्पावत	16
चम्पावत	लोहाघाट	7
चम्पावत	पाटी	9
जनपद योग		32
राज्य योग		**399**

ग्राम पंचायत पर 2011 के बाद राज्य, जनपद और विकासखण्ड़ वार सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र का अभाव वाले ग्रामों/तोकों की संख्या		
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	कुल राजस्व ग्राम /तोक (वर्तमान में)
चम्पावत	बाराकोट	3
चम्पावत	चम्पावत	35
चम्पावत	लोहाघाट	12
चम्पावत	पाटी	11
जनपद योग		61
राज्य योग		**660**

ऐसे ग्राम जहाँ अन्य दूसरे ग्रामों/कस्बों/तोकों से पिछले 10 वर्षों में लोग पलायन कर निवास कर रहें हैं :–

यह भाग उन ग्रामों का जनपद एवं विकासखण्डवार संख्या का विवरण प्रस्तुत करता है, जहाँ अन्य ग्रामों/शहर/कस्बों/तोकों के लोग पलायन कर बस गये हैं।

ग्रामों की संख्या जिन ग्रामों में पिछलें 10 वर्षों में दूसरे ग्रामों/तोकों के लोग पलायन कर बसे हैं का राज्य, जनपद और विकासखण्ड वार विवरण		
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	कुल ऐसे गॉव जहॉ पिछले 10 वर्षो में अन्य गॉव/शहर/कस्बों से पलायन कर उस गॉव में आकर बसे हों
चम्पावत	बाराकोट	1
चम्पावत	चम्पावत	33
चम्पावत	लोहाघाट	16
चम्पावत	पाटी	10
जनपद योग		60
राज्य योग		**850**

ऐसे गांव जहाँ 2011 की जनगणना के बाद के बाद 50 प्रतिशत तक पलायन हुआ है :–

यह खण्ड उन राजस्व ग्रामों/तोकों की संख्या को जनपद और विकासखण्डवार सारांश का विवरण प्रस्तुत करता है जिनमें मोटर मार्ग का अभाव, विद्युत का अभाव, एक कि0मी0 तक पानी का अभाव, पी.एच.सी. की अनुपलब्धता, वाले ग्राम शामिल है, जिनकी जनसंख्या 2011 के बाद 50 प्रतिशत कम हुई है।

2011 की जनगणना के बाद जनसंख्या 50 प्रतिशत कम हुई वाले राजस्व ग्रामों/तोकों की संख्या का राज्य, जनपद और विकासखण्ड वार विवरण		
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	कुल राजस्व ग्राम /तोक (वर्तमान में)
चम्पावत	बाराकोट	0
चम्पावत	चम्पावत	16
चम्पावत	लोहाघाट	4
चम्पावत	पाटी	24
जनपद योग		44
राज्य योग		**565**

2011 की जनगणना के बाद जनसंख्या 50 प्रतिशत कम हुई वाले राजस्व ग्रामों/तोकों की संख्या जहाँ सड़क का अभाव है का राज्य, जनपद और विकासखण्ड वार विवरण		
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	कुल राजस्व ग्राम /तोक (वर्तमान में)
चम्पावत	बाराकोट	0
चम्पावत	चम्पावत	14
चम्पावत	लोहाघाट	4
चम्पावत	पाटी	20
जनपद योग		38
राज्य योग		**367**

2011 की जनगणना के बाद जनसंख्या 50 प्रतिशत कम हुई वाले राजस्व ग्रामों/तोकों की संख्या जहाँ पेयजल का अभाव है का राज्य, जनपद और विकासखण्ड वार विवरण		
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	कुल राजस्व ग्राम /तोक (वर्तमान में)
चम्पावत	बाराकोट	0
चम्पावत	चम्पावत	4
चम्पावत	लोहाघाट	1
चम्पावत	पाटी	6
जनपद योग		**11**
राज्य योग		**203**

2011 की जनगणना के बाद जनसंख्या 50 प्रतिशत कम हुई वाले राजस्व ग्रामों/तोकों की संख्या जहाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र का अभाव है का राज्य, जनपद और विकासखण्ड वार विवरण		
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	कुल राजस्व ग्राम /तोक (वर्तमान में)
चम्पावत	बाराकोट	0
चम्पावत	चम्पावत	16
चम्पावत	लोहाघाट	4
चम्पावत	पाटी	17
जनपद योग		**37**
राज्य योग		**510**

अध्याय IV

ग्रामीण सामाजिक–आर्थिक विकास हेतु जनपद चम्पावत में विभागों द्वारा संचालित कार्यक्रमों का विश्लेषण

ग्राम्य विकास

➢ ग्राम्य विकास विभाग द्वारा वर्तमान में निष्पादित की जाने वाली योजनाओं और कार्यक्रमों की नामावली :–

1. महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना,
2. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन,
3. स्टार्ट–अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम,
4. महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना,
5. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना,
6. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रर्बन मिशन,
7. प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण),
8. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,
9. सीमान्त क्षेत्र विकास योजना,
10. सांसद निधि,
11. मेरा गांव मेरी सड़क योजना,
12. सामुदायिक विकास योजना,
13. उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज संस्थान,
14. मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना,
15. मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना,
16. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क सोजना के अन्तर्गत आपातकालीन निधि,
17. एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना,

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना :–जनपद चम्पावत के 4 विकासखण्डों एवं 313 ग्राम पंचायतों में विभाग द्वारा कुल वितरित किये 40068 जॉबकार्ड वितरित किये गये हैं, जिनमें से अभी भी लगभग 22% जॉबकार्ड निष्क्रीय हैं, जबकि पंजीकृत कुल 62759 श्रमिकों में से वर्ष 2019–20 तक लगभग 28% श्रमिकों ने रोजगार नहीं लिया। इसके लिए विभाग को ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान चलाते हुए सभी जॉबकार्ड धारकों एवं श्रमिकों को आच्छादित करने की सभी विकासखण्डों में कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए। जिसके आंकड़ें निम्नवत तालिका प्रदर्शित किये गये हैं।

ग्राम्य विकास विभाग				
राज्य : उत्तराखण्ड	जनपद : चम्पावत			
विकासखण्ड़ों की कुल संख्या	4			
ग्राम पंचायत की कुल संख्या	313			
जॉब कार्ड				
जारी की गई जॉबकार्ड की कुल संख्या (लाख में)	0.4			
श्रमिकों की कुल संख्या (लाख में)	0.63			
सक्रिय जॉबकार्ड की कुल संख्या (लाख में)	0.31			
सक्रिय श्रमिकों की कुल संख्या (लाख में)	0.45			
(i) सक्रिय श्रमिकों की तुलना में अनुसूचित जाति के श्रमिक (%)	15.31			
(ii) सक्रिय श्रमिकों की तुलना में अनुसूचित जनजाति के श्रमिक (%)	0.22			
II प्रगति	वित्तीय वर्ष 2019–2020	वित्तीय वर्ष 2018–2019	वित्तीय वर्ष 2017–2018	वित्तीय वर्ष 2016–2017
स्वीकृत लेवर बजट (लाख में)	8.71	6.08	6.26	8.18
अब तक सृजित कार्य–दिवस (लाख में)	6.85	9.16	9.10	9.33
कुल एल.बी. का %	78.61	150.74	145.46	114.08
आनुपातिक एल.बी. के अनुसार%				
कुल कार्य दिवस में अनुसूचित जाति के लोगों का कुल कार्य दिवस का %	15.75	16.28	15.62	16.14
कुल कार्य दिवस में अनुसूचित जनजाति लोगों का कुल कार्य दिवस का %	0.18	0.18	0.23	0.14
कुल (%) में से महिला कार्य दिवस	47.26	45.64	43.54	42.71
प्रति घर प्रदान किये गये रोजगार के औसत दिन	44.27	50.53	46.74	45.99
प्रतिदिन प्रतिव्यक्तियों औसत मजदूरी दर (रू.)	182	174.99	175	173.99
मजदूरी के 100 दिन पूरे किए हाउस होल्ड की कुल संख्या	1056	2148	1666	1666
कुल परिवारों ने काम किया (लाख में)	0.15	0.18	0.19	0.2
काम करने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या (लाख में)	0.2	0.23	0.25	0.25
काम करने वाले विकलांग व्यक्तियों की संख्या	62	29	31	34
III कार्य				
शून्य अनुभव के साथ ग्राम पंचायत की संख्या	4	0	0	1
शुरू किए गए कार्यों की कुल संख्या (नया+पिछला रूका हुआ)(लाख में)	0.06	0.05	0.08	0.06
चालू कार्यों की संख्या (लाख में)	0.03	0.02	0.03	0.04
पूरा किए गए कार्यो की संख्या	2537	3576	4329	1895
एन.आर.एम. व्यय का %सार्वजनिक + व्यक्तिगत)	73.64	71.02	59.67	56.8
श्रेणी बी के कार्य का %	22.57	35.9	36.68	28.41
कृषि और कृषि संबद्ध कार्यों पर व्यय का %	79.91	79.71	72.39	65.27
III वित्तीय प्रगति				
कुल व्यय (लाख में)	1686.8	2188.54	2542.62	2438.67

श्रमांश (लाख में)	1254.61	1599.56	1737.69	1960.63

सृजित कार्य–दिवस :–जनपद के विकासखण्डों के आंकड़ों को देखे तो ज्ञात होता है जनपद के हर विकासखण्ड में मानव दिवस में गिरावट होने की वजह से जनपद के सृजित कार्य–दिवस के आंकड़ों में भी वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य 02.48 लाख मानव दिवस की कमी हुई है। जबकि वर्ष 2019–20 में लेबर बजट अन्य वर्षों के अपेक्षा रूपये 8.17 लाख था। जिसका वर्षवार एवं विकासखण्डवार विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफों में प्रदर्शित किया गया है।

सृजित कार्य–दिवस (लाख में)				
विकासखण्ड	वर्ष 2019–2020	वर्ष 2018–2019	वर्ष 2017–2018	वर्ष 2016–2017
चम्पावत	2.2	3.1	3.6	3.6
बाराकोट	1.5	2.1	1.7	2.1
लोहाघाट	1.4	2.1	1.6	1.5
पाटी	1.7	1.9	2.2	2.2
जनपद	**6.85**	**9.16**	**9.10**	**9.33**





100 मानव दिवस पूर्ण करने वाले परिवार :–वर्ष 2019–20 हेतु मनरेगा में मजदूरी के 100 दिन पूरे करने वाले परिवारों की संख्या के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि जनपद में अभी तक पंजीकृत कुल

40068 परिवारों में से मात्र लगभग 3% परिवारों को ही 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया गया है, जिसमें सबसे कम विकासखण्ड बाराकोट द्वारा 152 मानव दिवस के माध्यम से योगदान किया गया है जिसको बढ़ाने के लिए विभाग को ठोस रणनीति तैयार करनी की आवश्यकता है। ताकि ज्यादा से ज्यादा परिवारों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जा सके। आंकड़ों का वर्षवार एवं विकासखण्डवार विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफों में दिया गया है।

मजदूरी के 100 दिन पूरे करने वाले परिवारों का वर्षवार एवं विकासखण्डवार विवरण				
विकासखण्ड	वर्ष 2019–2020	वर्ष 2018–2019	वर्ष 2017–2018	वर्ष 2016–2017
चम्पावत	445	849	851	924
बाराकोट	152	532	222	356
लोहाघाट	203	406	276	160
पाटी	256	361	317	226
जनपद	**1056**	**2148**	**1666**	**1666**

जनपद में विगत चार वर्षों के दौरान मजदूरी के 100 मानव दिवस पूरे करने वाले परिवारों के आंकड़ों में सबसे अधिक विकासखण्ड चम्पावत तथा सबसे कम विकासखण्ड लोहाघाट का योगदान रहा।





कुल (%) में से महिला कार्य दिवस :–जनपद में वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के दौरान कुल (%) में से महिला कार्य दिवस की संख्या में 4.55% की वृद्धि होती है। जिसमें सबसे अधिक योगदान विकासखण्ड बाराकोट द्वारा 45.9% व सबसे कम विकासखण्ड लोहाघाट द्वारा 43.8% के माध्यम से किया गया है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।

कुल (%) में से महिला कार्य दिवस का वर्षवार विवरण				
विकासखण्ड	वर्ष 2019–2020	वर्ष 2018–2019	वर्ष 2017–2018	वर्ष 2016–2017
चम्पावत	47.62	46.04	41.96	41.68
बाराकोट	45.91	46.43	46.55	44.52
लोहाघाट	46.10	43.96	41.90	43.04
पाटी	48.93	45.95	45.08	42.48
जनपद	**47.26**	**45.64**	**43.54**	**42.71**



प्रति घर प्रदान किये गये रोजगार के औसत दिन :– जनपद में वर्ष 2016–17 से वर्ष 2018–19 के दौरान प्रति घर प्रदान किये गये रोजगार के औसत दिनमें 4.54 की वृद्धि एवं वर्ष 2019–20 आते–आते 6.26 की कमी होती है। जिसमें सबसे अधिक योगदान विकासखण्ड बाराकोट द्वारा 50.8% व सबसे कम विकासखण्ड लोहाघाट द्वारा 44.5% के माध्यम से किया गया है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।

प्रति घर प्रदान किये गये रोजगार के औसत दिन का विकासखण्डवार एवं वर्षवार विवरण				
विकासखण्ड	वर्ष 2019–2020	वर्ष 2018–2019	वर्ष 2017–2018	वर्ष 2016–2017
चम्पावत	47.19	50.66	51.52	49.82
बाराकोट	46.29	57.96	46.1	52.67
लोहाघाट	42.54	52.51	42.48	40.54
पाटी	40.78	42.58	43.72	39.68
जनपद	**44.27**	**50.53**	**46.74**	**45.99**



कुल परिवारों ने काम किया :– जनपद में वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के दौरान कुल परिवारों ने काम करने में 4824(12%) परिवारों की दर से गिरावट हुई है। जिसमें सबसे अधिक योगदान औसतन विकासखण्ड चम्पावत द्वारा 34% व सबसे कम विकासखण्ड लोहाघाट और बाराकोट द्वारा 20:20% के माध्यम से किया गया है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।

कुल परिवारों ने काम किया (लाख में)				
विकासखण्ड	वर्ष 2019–2020	वर्ष 2018–2019	वर्ष 2017–2018	वर्ष 2016–2017
चम्पावत	4719	6058	7048	7305
बाराकोट	3229	3612	3623	3916
लोहाघाट	3347	3995	3762	3625
पाटी	4170	4472	5040	5443
जनपद	15465	18137	19473	20289
कुल पंजीकृत परिवारों से जनपद प्रतिशत	**39%**	**45%**	**49%**	**51%**



काम करने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या :– जनपद में वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के दौरान कुल श्रमिकों में से काम करने में 5099 (08%) श्रमिकों की दर से गिरावट हुई है। जिसमें सबसे अधिक योगदान औसतन विकासखण्ड चम्पावत द्वारा 14% व सबसे कम विकासखण्ड लोहाघाट और बाराकोट द्वारा 07%–07% के माध्यम से किया गया है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।

काम करने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या का वर्षवार एवं विकासखण्डवार विवरण

विकासखण्ड	वर्ष 2019–2020	वर्ष 2018–2019	वर्ष 2017–2018	वर्ष 2016–2017
चम्पावत	6458	8349	9531	9768
बाराकोट	3830	4241	4207	4464
लोहाघाट	4069	4812	4359	4086
पाटी	5544	5830	6554	6682
जनपद	19901	23232	24651	25000
कुल पंजीकृत श्रमिकों से जनपद प्रतिशत	**32%**	**37%**	**39%**	**40%**



पूरा किए गए कार्यो की संख्या :– जनपद में वर्ष 2017–18 से वर्ष 2019–20 के दौरान चालू कार्यों की संख्या में 1888 (23%) कामों की गिरावट हुई है। पूरा किये गये कार्यों की संख्या हेतु विकासखण्ड चम्पावत एवं पाटी में क्रमशः 08% व 09% की दर कमी आती है जबकि विकासखण्ड लोहाघाट और बाराकोट में क्रमशः 06% व 010% की दर से वृद्धि के आंकड़े देखे जा सकते हैं, किन्तु विगत चार वर्षों में चालू कार्यों की संख्या में सबसे अधिक 33% चम्पावत विकासखण्ड में तथा सबसे कम 21% विकासखण्ड बाराकोट में चालू स्थिति में रहने के आंकड़े प्राप्त होते हैं। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।

पूरा किए गए कार्यो की संख्या का वर्षवार एवं विकासखण्डवार विवरण				
विकासखण्ड	वर्ष 2019–2020	वर्ष 2018–2019	वर्ष 2017–2018	वर्ष 2016–2017
चम्पावत	470	1229	1540	504
बाराकोट	424	649	658	627
लोहाघाट	453	814	894	349
पाटी	341	884	1237	415
जनपद	1688	3576	4329	1895
पिछले वर्षों के मध्य पूरा किए गए कार्यो का जनपद प्रतिशत	**15%**	**31%**	**38%**	**16%**





श्रमांश में व्यय :– जनपद में वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के दौरान श्रमांश हेतु व्यय में 706.02 (11%) लाख रूपये की गिरावट आई। विगत चारों वर्षों में सबसे अधिक 37% चम्पावत विकासखण्ड में तथा सबसे कम 21% विकासखण्ड बाराकोट में श्रमांश मद में व्यय किया जाना पंजीकृत श्रमिकों की अपेक्षा रोजगार उपलब्ध न कराना हैं।

आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।

श्रमांश में व्यय (लाख में) का वर्षवार एवं विकासखण्डवार विवरण				
विकासखण्ड	वर्ष 2019–2020	वर्ष 2018–2019	वर्ष 2017–2018	वर्ष 2016–2017
चम्पावत	408.49	537.22	698.11	766.43
बाराकोट	280.63	361.76	307.71	440.99
लोहाघाट	260.28	368.71	302.17	291.33
पाटी	305.21	331.88	429.7	461.88
जनपद	1254.61	1599.57	1737.69	1960.63
पिछले वर्षों के मध्य श्रमांश (लाख में) का जनपद प्रतिशत	**19%**	**24%**	**27%**	**30%**



प्रधानमंत्री आवास योजना

ग्राम्य विकास विभाग द्वारा वर्ष 2016–17 से वर्ष 2017–18 के दौरान कुल 926 कच्चे आवास वाले गरीब परिवारों को आवास आंवटन किया गया जिनमें शौचालय, पानी, विद्युत एवं पक्की छत के साथ–साथ गैस सुविधा भी उपलब्ध करावाया गया। विकासखण्ड चम्पावत द्वारा सबसे अधिक जबकि सबसे कम विकासखण्ड बाराकोट द्वारा योगदान किया गया। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में दर्शाया गया है।

2016–17 से 2017–18 तक प्रधानमंत्री आवास योजना का वर्षवार एवं विकासखण्डवार विवरण												
वर्ष	विकासखण्ड का नाम	कुल आवंटित आवास	आवास निर्माण में दी गयी आधारभूत सुविधाएं									
			शौचालय		पानी		विद्युत		छत का प्रकार (पक्की/ कचची)		गैस/ बायोगैस की उपलब्धता	
			हाँ	नहीं	हाँ	नहीं	हाँ	नहीं	हाँ	नहीं	हाँ	नहीं
2016–17	चम्पावत	201	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–
	बाराकोट	8	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–
	पाटी	47	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–
	लोहाघाट	48	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–
योग		**304**	**हाँ**	–	**हाँ**	–	**हाँ**	–	**हाँ**	–	**हाँ**	–
2017–18	चम्पावत	371	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–
	बाराकोट	23	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–
	पाटी	140	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–
	लोहाघाट	88	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–
योग		**622**	**हाँ**	–	**हाँ**	–	**हाँ**	–	**हाँ**	–	**हाँ**	–
विगत दो वर्षों के मध्य आवास आंवटन का विवरण	चम्पावत	572	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–
	बाराकोट	31	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–
	पाटी	187	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–
	लोहाघाट	136	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–	हाँ	–
महायोग		**926**	**हाँ**	–	**हाँ**	–	**हाँ**	–	**हाँ**	–	**हाँ**	–



योजना के तहत विगत दो वर्षों में ही प्रधानमंत्री आवास का आवंटन किया गया किन्तु वर्ष 2018–19 एवं वर्ष 2019–20 के मध्य कोई भी आवास आवंटन नहीं किया गया। जबकि आवास हेतु अभी भी 4352 ओर लाभार्थियों के प्रतीक्षा सूची जनपद में उपलब्ध है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत ग्राफ में दिया गया है। जिनके लिए अभी तक बजट आवंटन नहीं हो पाया है।



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिषन

गरीबी रेखा के नीचे परिवारों (स्व–रोजगारियों) को बैंक ऋण तथा सरकारी अनुदान के माध्यम से आय सृजक परिसम्पतियाँ उपलब्ध कराकर प्रत्येक बी0पी0एल0 परिवार के सदस्य को स्वयं सहायता समूह का सदस्य बनाकर गरीबी रेखा से ऊपर उठाना है। योजनान्तर्गत केन्द्रांश व राज्यांश का अनुपात 90:10 है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत संचालित उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को सामुदायिक संगठनों में संगठित कर सक्षम एवं संस्थागत मंच प्रदान करना है, उनकी आजीविका में निरन्तर वृद्धि करना, वित्तीय सेवाओं तक उनकी बेहतर एवं सरल तरीके से पहुंच बनाना और उनकी पारिवारिक आय को बढ़ाना है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य सभी ग्रामीण निर्धन परिवारों तक पहुंच बनाना और उन्हें आजीविका के स्थाई अवसर उपलब्ध करवाना है। इस समय तक उनका पोषण और संरक्षण किया जायेगा जब तक वे गरीबी से उपर उठकर एक सम्मानजनक जीवन न जीने लगें।

जनपदान्तर्गत वर्ष 2019–20 तक आजीविका मिशन के तहत कुल 1150 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है जिसमें सबसे अधिक योगदान विकासखण्ड चम्पावत द्वारा 529 SHG's तथा सबसे कम 141 SHG's विकासखण्ड पाटी के माध्यम से किया जाता है। आजीविका मिशन के माध्यम से जनपद में कुल 8044 सदस्यों/परिवारों की आय में बढ़ोत्तरी का कार्य करवाया जा रहा है। विकासखण्ड बाराकोट एवं पाटी में विभाग को अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिकाओं एवं ग्राफ में दिया गया है।

एन.आर.एल.एम. के अंतर्गत गठित निष्क्रिय स्वयं सहायता समूहों (SHG's) की वर्ष 2019–20 की सूचना

क्र.सं.	विकास खण्डकानाम	जनपदान्तर्गत विकास खण्डवार कुल स्थापित स्वयं सहायता समूहों की संख्या	जनपदान्तर्गत विकास खण्डवार नये स्थापित किये गये स्वयं सहायता समूहों की संख्या	जनपदान्तर्गत विकास खण्डवार पुनर्स्थापित /पुनर्जीवित किये गये स्वयं सहायता समूहों की संख्या
1	बाराकोट	155	144	11
2	चम्पावत	529	515	14
3	लोहाघाट	325	277	48
4	पाटी	141	126	15
योग		**1150**	**1062**	**88**

आजीविका मिशन के तहत आच्छादित किये गये सदस्यों का विवरण

विकासखण्ड	वर्ष 2019–20	वर्ष 2020–21	**योग**
बाराकोट	938	152	**1090**
चम्पावत	3730	156	**3886**
लोहाघाट	1830	209	**2039**
पाटी	711	318	**1029**
योग	**7209**	**835**	**8044**



वर्ष 2020–21 के मध्य विभाग द्वारा आजीविका मिशन के तहत कलु 120 स्वयं सहायता समूह गठित करवाये गये जिसमें विकासखण्ड पाटी द्वारा सबसे अधिक 45 SHG एवं सबसे कम विकासखण्ड चम्पावत द्वारा 17 SHG गठित कर जनपद के आंकड़ों में योगदान किया गया जबकि विकासखण्ड चम्पावत जनपद का सबसे बड़ा विकासखण्ड है। आजीविका हेतु प्राप्त इस तरह के आंकड़ें, जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक–आर्थिक विकास हेतु उचित नहीं है। विवरण न्मिनवत तालिका में दिया गया है।

स्वयं सहायता समूहों की संख्या का विकासखण्डवार विवरण (वर्ष 2020–21)				
क्रं0 स0	विकासखण्ड का नाम	नये स्वयं सहायता समूहों की संख्या	रिवाइव किये गये स्वयं सहायता समूहों की संख्या	एन.आर.एल.एम से पूर्व
1	बाराकोट	22	3	0
2	चम्पावत	17	0	0
3	लोहाघाट	12	21	0
4	पाटी	44	1	0
योग		**95**	**25**	**0**

आजीविका मिशन के अन्तर्गत जनपद के अन्य विकासखण्ड़ों का वंचित रखते हुए मात्र विकासखण्ड चम्पावत में ही दो PIA'S के द्वारा सिर्फ वर्ष 2020–21 में ही 175 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया, जो कि बहुत न्यून आंकड़ा है। विभाग को उक्त आंकड़ें को बढ़ाने एवं सभी विकासखण्ड़ों को लाभान्वित करने हेतु कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका में दर्शाया गया है।

आजीविका मिशन योजनान्तर्गत प्रशिक्षण का विकासखण्ड़वार एवं वर्षवार विवरण					
क्रं0स0	विकासखण्ड कानाम	PIA'S की संख्या	प्रशिक्षितों की संख्या		
			वर्ष 2018–19	वर्ष 2019–20	वर्ष 2020–21
1	बाराकोट	0	0	0	0
2	चम्पावत	2	0	0	175
3	लोहाघाट	0	0	0	0
4	पाटी	0	0	0	0
योग		**2**	**0**	**0**	**175**

आरसेटी के द्वारा विगत तीन वर्षों के मध्य विभिन्न प्रकार के ट्रेड़ों में 1607 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें विकासखण्ड चम्पावत के अलावा अन्य सभी विकासखण्ड का योगदान न्यूनतम रहता है अर्थात अन्य विकासखण्ड़ों में आरसेटी को अधिक काम करने की आवश्यकता है, तभी जनपद का समानान्तर सामाजिक–आर्थिक विकास हो पायेगा। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में दर्शाया गया है।

RSETI,s से सम्बन्धित सूचना

क्रं0स0	विकासखण्ड का नाम	प्रशिक्षितों की संख्या			
		वर्ष 2018–19	वर्ष 2019–20	वर्ष 2020–21	कुल
1	बाराकोट	57	31	210	298
2	चम्पावत	340	279	152	771
3	लोहाघाट	69	153	163	385
4	पाटी	63	57	33	153
योग		**529**	**520**	**558**	**1607**



दुग्ध विकास

दुग्ध विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत जनपद चम्पावत में जहाँ एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादकों की दुग्ध सहकारी समितियॉ गठित करते हुए, उन्हें उनके द्वारा उत्पादित दूध की वर्षपर्यन्त उचित दर पर विपणन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर नगरीय उपभोक्ताओं, पर्यटकों एवं तीर्थ यात्रियों तथा विभिन्न संस्थाओं को उचित दर पर शुद्ध एवं उत्तम गुणवत्ता का दूध व दुग्ध पदार्थों ''ऑचल ब्राण्ड'' की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। डेरी विकास विभाग, चम्पावत द्वारा दुग्ध उत्पादन को स्वरोजगार के रूप में स्थापित करने, ग्रामीण स्तर पर मानव शक्ति का पलायन रोकने, उत्तराखण्ड के आर्थिक विकास में महिलाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने एवं विशेषकर भूमिहीन खेतीहर मजदूर, लघु एवं सीमान्त कृषकों व दुग्ध उत्पादकों को बिचौलियों के शोषण से मुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त दुग्ध उत्पादन में सतत वृद्धि करने हेतु तकनीकी निवेश कार्यक्रम अन्तर्गत दुग्ध उत्पादकों को नवीनतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने हेतु जिला सेक्टर योजनान्तर्गत ''ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध सहकारिताओं का सुदृढीकरण योजना'' संचालित किया जा रहा है।

जिला सेक्टर योजना

❖ ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध सहकारिताओं का सुदृढ़ीकरण योजना

इसके अतिरिक्त समिति स्तर पर अवस्थापना सुविधाओं के अन्तर्गत मिल्को–टेस्टर, चैफकटर, डी0पी0एम0सी0यू0 (डाटा प्रोसेसिंग एण्ड मिल्क कलेक्शन यूनिट), दुग्ध कक्ष व भूसा गोदाम निर्माण, पशुशाला निर्माण आदि हेतु धनराशि उपलब्ध कराया जाता है। तकनीकी निवेश के अन्तर्गत दुधारू पशुओं की चिकित्सा सुविधायें, यथा–पशु औषधि, डिवर्मिंग, टीकाकरण, पशु आहार, मिनरल मिक्सचर, फीड सप्लीमेंट आदि हेतु अनुदान दुग्ध समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादकों को मुहैया करायी जाती है।

क्र0सं0	वर्ष	वित्तीय (धनराशि लाख में)		भौतिक	
		स्वीकृति	उपयोग	लक्ष्य	उपलब्धि
01	2016-17	79.00	79.00	4361	4361
02	2017-18	69.28	69.28	3407	3407
03	2018-19	73.80	73.80	4096	4096
04	2019-20	81.20	81.20	4210	4210
योग		303.28	303.28	16074	16074

राज्य योजना

❖ डेरी विकास योजना :–

क. **यातायात अनुदान :–**इसके अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध समितियों द्वारा उत्पादित दूध संग्रह कर दुग्धशाला में लाने हेतु दुग्ध परिवहन में होने वाले वास्तविक व्यय के सापेक्ष, योजनान्तर्गत बजट की उपलब्धता के आधार पर राजकीय अंश के रूप अनुदान की राशि दुग्ध संघों को यातायात अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाता है।

ख. **सचिव मानदेय :–**इसके अन्तर्गत पर्वतीय क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर कार्यरत प्राथमिक दुग्ध समितियों के सचिवों को रू0 0.50 प्रति लीटर की दर से मानदेय के रूप में आर्थिक सहायता प्रोत्साहन स्वरूप उपलब्ध कराया जाता है। इसके अन्तर्गत प्राथमिक दुग्ध समिति से दुग्ध संघ को ''कि0ग्रा0'' में प्राप्त हो रहे दुग्ध मात्रा को ''लीटर'' में गणना कर सचिव मानदेय की राशि का भुगतान किया जाता है।

ग. **प्रबन्धकीय अनुदान :–**इसके अन्तर्गत दुग्ध संघ स्तर पर मानव संसाधन की कमी को दूर करने के दृष्टिकोण से संघ स्तर पर नियुक्त किये गये प्रबन्धकीय स्टाफ/ग्रुप सचिवों को नियत मासिक मानदेय भुगतान करने हेतु आर्थिक सहायता दुग्ध संघ के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है।

घ. **प्लान्ट मषीनरीज़ एवं सिविल कार्य :–**इसके अन्तर्गत दुग्ध संघ को आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, सिविल कार्य एवं प्लान्ट मशीनरीज़ स्थापना मद में दुग्ध संघ के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से अवस्थापना विकास के अन्तर्गत संघ स्तर पर विभिन्न निर्माण कार्यों तथा मशीनरीज़ क्रय करने हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाता है।

	वर्ष	वित्तीय (धनराशि लाख में)	भौतिक

क्र0सं0		स्वीकृति	उपयोग	लक्ष्य	उपलब्धि
01	2016-17	18.07	18.07	176	176
02	2017-18	29.51	29.51	178	178
03	2018-19	48.56	48.39	180	180
04	2019-20	40.50	39.30	180	180
योग		136.64	135.27	714	714

❖ **महिला डेरी विकास परियोजनाः—**प्रदेश में महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने हेतु महिला डेरी विकास परियोजना के माध्यम से महिला दुग्ध समितियों का गठन कर ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराने, ग्रामीण महिलाओं को जीवकोपार्जन हेतु आय—व्यय, जागरूकता, सामाजिक उत्थान, स्वावलम्बी बनाने हेतु तथा आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने का प्रयास किया जाता है, जिसके अन्तर्गत मानदेय, प्रोपल्शन आदि के अतिरिक्त महिला दुग्ध समितियों के गठन हेतु धनराशि उपलब्ध कराया जाता है। योजनान्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजन/सेमिनार तथा महिला दुग्ध उत्पादकों को विभिन्न प्रकार के ट्रेनिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत सचिव प्रशिक्षण, प्रबन्ध कमेटी सदस्य प्रशिक्षण, स्टाफ प्रशिक्षण तथा स्वच्छ दुग्ध उत्पादन गोष्ठी हेतु अनुदान उपलब्ध कराया जाता है।

क्र0सं0	वर्ष	वित्तीय (धनराशि लाख में)		भौतिक	
		स्वीकृति	उपयोग	लक्ष्य	उपलब्धि
01	2016-17	16.14	14.104	06	06
02	2017-18	13.625	13.625	06	06
03	2018-19	17.45	16.63	06	06
04	2019-20	19.88	19.88	05	05
योग		67.095	64.239	23	23

❖ **दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजनाः—**योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014—15 से दुग्ध सहकारी समिति के सदस्यों को उनके द्वारा दुग्ध समिति में उपलब्ध कराये गये दूध की मात्रा व इस हेतु निर्धारित गुणवत्ता के मानकों के आधार पर प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराया जाता है।

इस योजना के अन्तर्गत 8.00% एस.एन.एफ. अथवा इससे अधिक की दुग्ध गुणवत्ता का दूध देने वाले समिति सदस्यों को रू0 4.00 प्रतिलीटर तथा 7.50 से 7.99% एस.एन.एफ. की गुणवत्ता का दूध देने वाले समिति सदस्यों को रू0 3.00 प्रतिलीटर की दर से प्रोत्साहन राशि के स्पा में राजअनुदान उपलब्ध कराया जाता है।

क्र0सं0	वर्ष	वित्तीय (धनराशि लाख में)		भौतिक	
		स्वीकृति	उपयोग	लक्ष्य	उपलब्धि
01	2016-17	56.20811	56.20811	3200	3240
02	2017-18	83.49498	83.49498	3500	3244
03	2018-19	134.199	126.84213	4000	4293
04	2019-20	106.81	106.81	4210	4210

योग	380.71209	373.35522	14910	14987

❖ **गंगा गाय महिला डेरी योजनाः–**गंगा गाय महिला डेरी योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014–15 से निरन्तर महिला दुग्ध उत्पादक सदस्यों को स्वावलम्बी बनाने तथा उनके आर्थिक उन्नयन हेतु उन्नत नस्ल का एक–एक क्रास ब्रीड दुधारू गाय उपलब्ध कराया जाता है। योजनान्तर्गत महिला सदस्यों को एक उन्नत संकर नस्ल की दुधारू गाय क्रय करने हेतु बैंक ऋण व अनुदान उपलब्ध कराया जाता है तथा स्वच्छ दुग्ध उत्पादन सुनिश्चित करने हेतु लाभार्थी को पशुनांद के लिए वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही, योजनान्तर्गत क्रय की गयी दुधारू गाय का तीन वर्ष का पशुबीमा करवाने हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाया जाता है।

योजनान्तर्गत दुग्ध सहकारी समितियों की महिला सदस्यों को क्रयार्थ बैंक ऋण व अनुदान उपलब्ध कराया जाता हैं। उक्त योजना की इकाई लागत रू0 52,000 हैं, जिसमें रू0 27,000 राजसहायता, रू0 20,000 बैंक ऋण तथा रू0 5,000 लाभार्थी अंशदान सम्मिलित हैं।

क्र0सं0	वर्ष	वित्तीय (धनराशि लाख में)		भौतिक	
		स्वीकृति	उपयोग	लक्ष्य	उपलब्धि
01	2016-17	26.925	26.925	95	95
02	2017-18	29.685	29.685	105	105
03	2018-19	17.90	17.90	65	65
04	2019-20	11.00	11.00	40	40
योग		85.51	85.51	305	305

❖ **राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एन0सी0डी0सी0):–**राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा वित्तपोषित ''केन्द्रीय क्षेत्रक एकीकृत कृषि सहकारिता परियोजना (CSISAC)में डेरी विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत 03, 05 एवं 50 दुधारू पशुओं की ईकाई स्थापित किये जाने हेतु लाभार्थी चयन दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, चम्पावत के माध्यम से किया जा रहा है।

- उक्त योजनान्तर्गत महिलाओं को भी प्राथमिकता प्रदान किये जाने पर जोर दिया जायेगा, जिससे कि महिलाओं को स्वरोजगार/आजीविका सृजन/आत्म निर्भर बनाये जाने में सहयोग मिलेगा।
- 03 दुधारू पशुओं की यूनिट हेतु 200 यूनिट एवं 05 दुधारू पशुओं की यूनिट हेतु 75 यूनिट का लक्ष्य निर्धारित है, जिस पर कार्यवाही गतिमान है। इस हेतु कुल ईकाई लागत पर 25 प्रतिशत अनुदान पर पशुऋण उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है।
- जनपद चम्पावत में 20 मिल्क बूथ का भी निर्माण कराया जाना है, जो इच्छुक लाभार्थी होंगे उनके पास भूमि की उपलब्धता आवश्यक होगी, जिस पर दुग्ध संघ द्वारा निर्माण करवाया जायेगा, जिसका लागत 2.00 लाख होगा, जिसमें से 20 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा।

	वर्ष	वित्तीय	भौतिक

क्र0सं0		स्वीकृति	उपयोग	लक्ष्य	उपलब्धि
01	2016-17	-	-	-	-
02	2017-18	-	-	-	-
03	2018-19	-	-	-	-
04	2019-20	43.03	43.03	83	83
योग		43.03	43.03	83	83

❖ **साईलेज एवं दुधारू पशुपोषण योजना :–** उक्त योजना वित्तीय वर्ष 2019–20 से प्रारम्भ हुई है, जिसके अन्तर्गत दुग्ध उत्पादकों के दुधारू पशुओं के उत्तम स्वास्थ्य हेतु साईलेज़ एवं मिनरल मिक्सचर दुग्ध उत्पादकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जाता है।

क्र0सं0	वर्ष	वित्तीय		भौतिक	
		स्वीकृति	उपयोग	लक्ष्य	उपलब्धि
01	2016-17	-	-	-	-
02	2017-18	-	-	-	-
03	2018-19	-	-	-	-
04	2019-20	2.60590	0.500	6.5 M. T.	1.25 M.T.
योग		2.60590	0.500	6.5 M. T.	1.25 M.T.

डेयरी विकास विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के अन्तर्गत शासन से प्राप्त लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति प्रत्येक वर्ष की जा रही है। विभाग की ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध सहकारिताओं का सुदृढ़ीकरण योजना, डेरी विकास योजना, महिला डेरी विकास परियोजना, दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना के लक्ष्यों में प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है मात्र गंगा गाय महिला डेरी योजना के लक्ष्यों में ही कमी के आंकड़ें प्रदर्शित होते हैं।

विभाग द्वारा उपलब्ध होने वाले दूध और दूध के अन्य उत्पाद, जनपद की मांग को भी पूरा नहीं कर पा रहा है जिस कारण जनपद के अन्तर्गत बाहरी प्रदेशों एवं जनपदों से दूध की पूर्ति हो रही है, जो जनपद की सामाजिक–आर्थिक विकास को शेंध लगाना है, जबकि उक्त दुग्ध व्यवसाय में रोजगार की अपार सम्भावनायें हैं।

विभाग को डेयरी विकास में महिलाओं के साथ–साथ युवाओं की भागीदारी को भी प्राथमिकता देते हुए कार्ययोजना तैयार करना, गाय भैंस के दूध के साथ–साथ बकरी के दूध को बढ़ावा देना तथा दूध एवं दूध से सम्बन्धित उत्पादों को मानवी बीमारी में उपयोगिता पर परीक्षण किया जाना चाहिए। इससे लोगों में दुग्ध व्यवसाय करने में रूचि बढ़ेगी, जिससे जनपद की सामाजिक–आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी।

पशुपालन

❖ जनपद चम्पावत में पशुपालन विभाग द्वारा वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य संचालित कार्यक्रमों के आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका में प्रदर्शित किये गये हैं।

वर्ष 2016–17, 2017–18, 2018–19 एवं वर्ष 2019–20 की विभागीय कार्यक्रमों की भौतिक प्रगति विवरण

क्र0 स0	मद का नाम	2016–17		2017–18		2018–19		2019–20	
		लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति
1	पशु चिकित्सा	182000	192294	182000	192941	194000	205336	188000	197138
2	बधियाकरण	9400	8964	9400	9254	9400	9736	9400	9416
3	टीकाकरण	200000	155144	200000	227979	258000	282431	270000	228862
4	कृत्रिम गर्भाधान गाय	9500	9409	15251	10190	15251	10460	9610	10787
	कृत्रिम गर्भाधान भैस	4500	2351	4551	1684	4551	1749	6890	2021
कुल योग		**14000**	**11760**	**19800**	**11874**	**19802**	**12219**	**16500**	**12808**
5	कृ0ग0से उ0स0 गाय	5400	4872	4719	4075	4719	5885	4285	5459
	कृ0ग0से0 उ0स0 भैस	1100	1253	1870	741	1870	1327	1654	959
कुल योग		**6500**	**6125**	**6589**	**4816**	**6589**	**7212**	**5939**	**6417**
6	प्राकृतिक गर्भाधान गाय	300	46	300	25	300	0	300	504
	प्राकृतिक गर्भाधान भैस	1400	931	1400	825	1400	741	1400	15
कुल योग		**1700**	**977**	**1700**	**850**	**1700**	**741**	**1700**	**519**
7	प्रा0ग0से उ0स0 गाय	175	31	175	6	175	21	0	88
	प्रा0ग0से उ0स0 भैस	736	601	736	482	736	303	0	0
कुल योग		**911**	**632**	**911**	**488**	**911**	**324**	**0**	**88**
8	दवापान भेड़/बकरी	11200	11990	15300	16631	18300	19761	16800	17646
9	दवास्नान भेड़/बकरी	11200	11372	15300	15551	18300	19401	16800	17105
10	बड़े पशुओं में दवापान	9000	11103	9251	11531	10751	13331	10751	14052
11	कुक्कुट वितरण	144000	144036	191000	180751	207000	218551	207000	218787
12	आयोजित बॉझपन शिविर	51	64	51	69	51	72	51	60
13	बॉझपन चिकित्सा	4000	2485	4500	3736	4500	4313	4500	3705
14	चारा बीज कुन्तल	0	139.7	0	146.67	0	425.61	0	151.21
15	चारा मिनीकिट्स	0	0	0	295	0	136	0	851
16	कुक्कुट इकाईयों	1485	1500	900	900	1000	1000	900	900
18	बकरी पालन	6	6	11	11	34	34	44	44
19	बकरा सांड	24	24	20	20	20	20	20	20
20	अहिल्या बाई बकरी	8	8	11	11	0	0	0	0
21	गौ पालन	45	45	61	61	90	90	65	65
22	पशु प्रर्दशनी	4	4	4	4	4	3	4	4
23	महिला बकरी पालन	0	0	12	12	0	0	0	0

कृत्रिम गर्भाधान के आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि जनपद चम्पावत में वर्ष 2017–18 में आंकड़ें 84% से 14% गिर कर 60% पर पहुँच जाता है, जिसमें धीरे–धीरे बढ़ोत्तरी होते हुए वर्ष 2019–20 तक 78% तक की प्रगति देखी जा सकती है जो वर्ष 2016–17 के आंकड़ों से भी 6% कम है। कृत्रिम गर्भाधान भैंस की अपेक्षा गाय में अधिक करवाया गया है एवं कृ0ग0से उ0स0 मद के अन्तर्गत जनपद में 96% का आंकड़ा देखने को मिलता है। जिसमें सभी विकासखण्ड़ों का समानान्तर योगदान रहता है। विभाग को कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए। जिससे पहाड़ी जानवरों की नस्ल में सुधार लाया जा सके।





जनपद चम्पावत में प्राकृतिक गर्भाधान के आंकड़ों का वर्ष 2016–18 से वर्ष 2019–20 के मध्य के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि आंकड़ा 57% से 26% की गिरावट के साथ वर्ष 2019–20 को 31% पर पहुँच जाता है। अर्थात जनपद में पशुपालको का प्राकृतिक गर्भाधान की अपेक्षा कृत्रिम गर्भाधान के प्रति रूचि में वृद्धि हुई है एवं प्रा0ग0से उ0स0 मद के अन्तर्गत जनपद द्वारा 56% का आंकड़ा प्राप्त किया गया है, जिसमें सभी विकासखण्ड़ों का समान योगदान रहा है। आंकड़ों का विवरण निम्नवत ग्राफ में दर्शाया गया है।





जनपद चम्पावत में पशुपालन विभाग द्वारा विगत चार वर्षों में कुल 4300 कुक्कुट पालन की इकाईयाँ के सापेक्ष सबसे अधिक वर्ष 2016–17 में 1500 इकाईयाँ स्थापित करवायी गयी। कुक्कुट पालन इकाईयों के आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि सबसे अधिक विकासखण्ड चम्पावत में 48% तथा सबसे कम विकासखण्ड पाटी में 13% स्थापित होने की पुष्ठि होती है। विकासखण्ड पाटी, बाराकोट एवं लोहाघाट में विभाग को और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। आंकड़ें निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।

कुक्कुट इकाई	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	योग
पाटी	195	117	130	117	559
बाराकोट	300	180	200	180	860
लोहाघाट	285	171	190	171	817
चम्पावत	720	432	480	432	2064
योग जनपद	1500	900	1000	900	4300



पशुपालन विभाग द्वारा विगत चार सालों में कुल 7,62,125 कुक्कुट वितरण किये गये जिसमें सबसे अधिक विकासखण्ड चम्पावत में 3,65,819 तथा सबसे कम विकासखण्ड पाटी में 99077 कुक्कुट वितरण किये गये। विकासखण्ड पाटी, बाराकोट एवं लोहाघाट में विभाग को ओर अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। आंकड़ें निम्नवत तालिका में दर्शाया गया है।

कुक्कुट वितरण	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	योग
पाटी	18725	23498	28412	28442	99077
बाराकोट	28807	36150	43710	43757	152424
लोहाघाट	27367	34343	41525	41570	144805
चम्पावत	69137	86760	104904	105018	365819
योग जनपद	144036	180751	218551	218787	762125

जनपद के अर्न्तगत विभाग द्वारा विगत चार वर्षों में चारा बीज वितरण का कार्यक्रम संचालित किया गया जिसके आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2018–19 में ही विभाग द्वारा 49% बीज वितरण किया गया जबकि अन्य वर्षों में बीज वितरण कार्यक्रम की प्रगति न्यूनतम रही है। जनपद के सभी विकासखण्ड़ों द्वारा समान योगदान इस कार्यक्रम में प्रलक्षित हुआ है। अर्थात ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी पशुपालक स्थानीय चारे पर निर्भर हैं। विभाग को इस कार्यक्रम को ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ावा दिये जाने पर कार्ययोजना तैयार करने की अति आवश्यकता है। चारा बीज वितरण के आंकड़ें निम्नवत ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।



पशुपालन विभाग द्वारा जनपद के अन्तर्गत विगत चार वर्षों में मात्र 261 गायों को गौपालकों को उपलब्ध करवाया गया है आंकड़ा बहुत न्यूनतम है जिससे हमारे ग्रामीणों की आर्थिक में ज्यादा परिवर्तन की आशा करना पर्वतीय क्षेत्र के साथ न्याय न करना होगा। विकासखण्ड़ों में देखें तो विकासखण्ड बाराकोट तथा पाटी में बहुत न्यूनतम 13% व 11% के आंकड़ें स्पष्ट हुए हैं। योजनान्तर्गत सभी गरीब परिवारों को लाभान्वित किये जाने का प्राविधान किया जाना ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिकी को मजबूत करने में सहभागिता करना होगा। सम्बन्धित आंकड़ें निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में दर्शाये गये हैं।

गौ–पालन	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	योग
चम्पावत	16	25	34	24	99
लोहाघाट	16	25	34	24	99
बाराकोट	6	5	12	10	33
पाटी	7	6	10	7	30
योग जनपद	**45**	**61**	**90**	**65**	**261**



बकरीपालन के आंकड़ों के अध्ययन से भी यही स्पष्ट होता है कि जनपद में कुल 95 गरीब परिवारों को ही लाभान्वित किया जबकि बकरीपालन में रोजगार की पर्वतीय क्षेत्रों में अपार सम्भावनायें हैं। जो प्राप्त आंकड़ों से भी ज्ञात होता है क्योंकि विगत चार वर्षों के आंकड़ों में निरन्तर वृद्धि देखी जा सकती है, जिसमें विकासखण्ड चम्पावत का अन्य विकासखण्ड़ों की अपेक्षा अधिक योगदान रहा है।

बकरी पालन	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	योग
चम्पावत	4	4	14	22	44
लोहाघाट	0	3	6	8	17
बाराकोट	0	2	8	8	18
पाटी	2	2	6	6	16
योग जनपद	**6**	**11**	**34**	**44**	**95**





बकरीपालन योजना के तहत सभी गरीब परिवारों को चयनित करने का प्राविधान किया जाना ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के हित में होगा। विगत चार वर्षों के आंकड़ें उपरोक्त तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।

पर्वतीय क्षेत्रों में पशुपालन बहुत कम मात्रा में व्यवसायिक रूप में किया जाता है। ग्रामीणों द्वारा ज्यादातर अपने स्वयं के उपयोग के लिए पशुपालन किया जा रहा है। जबकि जनपद के हर इलाके में दूध एवं दूध के उत्पादों तथा पर्वतीय क्षेत्रों के मांस की बहुत अधिक मात्रा में मांग हेतु बाजार उपलब्ध है।

विभाग पशुपालकों को व्यवसायिक एवं सामुहिक रूप में पशुपालन करवाने के लिए ग्रामीणों हेतु मेलों का आयोजित करने की कार्ययोजना तैयार करे, साथ ही पशुपालन से उत्पादित सामाग्री का न्यूनतम सर्मथन मूल्य निर्धारित करने की योजना तैयार करे। ताकि पशुपालकों में एक अतिरिक्त न्यूनतम आय प्राप्ति का विष्वास जागृति हो सके।

उद्यान विकास

❖ **जिला योजना :–** उद्यान विभाग द्वारा जिला योजना के तहत पॉलीहाउस, सिंचाई टैंक, प्लास्टिक क्रेट्स तथा आलू बीज का वितरण का कार्यक्रम संचालित किया जाता है। जिनके आंकड़ों का विश्लेषण निम्नवत किया गया है :–

❖ **पॉलीहाउस :–** उद्यान विभाग द्वारा विगत चार वर्षों के मध्य कुल 424 पॉलीहाउस स्थापित करवाये गये जिनमें विकासखण्ड चम्पावत द्वारा सबसे अधिक 44% पॉलीहाउस तथा विकासखण्ड बाराकोट के माध्यम से सबसे कम 12% पॉलीहाउस स्थापित करने में योगदान देने की पुष्ठि आंकड़ों से होती है। विगत वर्षों के अनुसार पॉलीहाउस लगाने के आंकड़ें लगभग प्रत्येक वर्ष समानान्तर ही रहता है। आंकड़ों को निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किया गया है।

पॉलीहाउस	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	योग
चम्पावत	55	37	42	53	187
लोहाघाट	24	37	29	29	119
पाटी	16	19	17	17	69
बाराकोट	12	15	11	11	49
योग जनपद	**107**	**108**	**99**	**110**	**424**



जाति	चम्पावत	लोहाघाट	पाटी	बाराकोट	योग जनपद
सा0	147	102	54	40	343
अनु0जा0	32	17	15	9	73
अनु0ज0जा0	8	0	0	0	8
योग जनपद	187	119	69	49	424



पॉलीहाउस	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	योग
चम्पावत	23.31	15.69	17.96	22.71	79.67
लोहाघाट	10.20	15.81	12.33	12.29	50.63
पाटी	06.88	08.14	07.25	07.30	29.57
बाराकोट	05.11	06.42	04.69	04.70	20.91
योग जनपद	**45.50**	**46.05**	**42.24**	**47.00**	**180.78**

(व्यय धनराषि लाख रूपये में)

वर्तमान समय में बेमौसमी सब्जियों, फूलों और फलों का प्रचलन अधिक हो चुका है, जिसमें रोजगार के अधिक ज्यादा पायदान मौजूद हैं। विभाग को इस मद में सर्वेक्षण कर ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण उद्यमियों को लाभान्वित कर रोजगार उपलब्ध करवाने की कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता है।

आलू बीज वितरण :– उद्यान विभाग द्वारा आलू बीज वितरण कार्यक्रम के तहत जनपद के बाराकोट विकासखण्ड में विगत वर्षों के अन्तर्गत किसी भी ग्रामीण को लाभान्वित न किया जाना विभाग की अनदेखी को दर्शाता है। जनपद के विकासखण्ड़ लोहाघाट में विगत चार वर्षों के मध्य सबसे अधिक कुल धनराशि का 42% परिव्यय करते हुए कुल वितरित बीज का 37% ही वितरण किया गया, जबकि विकासखण्ड चम्पावत में विगत चार वर्षों के अन्तर्गत व्यय के सापेक्ष अधिक बीज तथा विकासखण्ड पाटी में विपरित व्यय की अपेक्षा कम बीज वितरण किया गया जो विभाग की अनुश्रवण प्रणाली सही न होने की पुष्ठि करता हैं। आंकड़ें निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किये गये है।

आलू बीज वितरण	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	योग
चम्पावत	48.0	60.5	70.0	70.0	248.5
लोहाघाट	25.0	75.0	130.0	23.0	253.0
पाटी	25.0	55.0	70.0	30.0	180.0
बाराकोट	0	0	0	0	0
योग जनपद	**98.0**	**190.5**	**270.0**	**123.0**	**681.5**

(भौतिक प्रगति कुन्तल में)

आलू बीज वितरण	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	योग
चम्पावत	1.50	0.98	1.15	1.10	4.74
लोहाघाट	10.20	15.81	12.33	12.29	50.63
पाटी	0.76	0.89	2.20	0.42	4.27
बाराकोट	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
योग जनपद	**12.46**	**17.68**	**15.68**	**13.81**	**59.63**

(वित्तीय प्रगति लाख रूपये में)





जनपद में आलू बीज वितरण के वर्षवार आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2018–19 में कुल परिव्यय में से 48% व्यय करते हुए कुल बीज वितरित में 40% बीज वितरण किया गया इसी तरह वर्ष 2016–17 में भी बीज वितरण की अपेक्षा परिव्यय कम मात्रा में किया गया है, जबकि वर्ष 2017–18 एवं वर्ष 2019–20 के अन्तर्गत कम प्रतिशत में परिव्यय करते हुए अधिक मात्रा में आलू बीज वितरण किया गया। विभाग को इस तरह के बदलाव का अनुश्रवण करते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार कर ग्रामीण उद्यमियों का चयन करते हुए आलू उत्पादन के क्षेत्रफल एवं उत्पादकता को बढ़ाना चाहिए। आंकड़ें उपरोक्त तालिका एवं निम्नवत ग्राफ में प्रदर्शित किये गये हैं।





राज्य योजना :– विभाग द्वारा इस योजना के तहत वर्मीकम्पोस्ट पिट, उद्यानों की घेरबाड तथा नई पौधशाला स्थापित करने के कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं। जिनके विगत चार वर्षों के आंकड़ों का विवरण निम्नवत है :–

वर्मीकम्पोस्ट मद :– विभाग की वर्मीकम्पोस्ट मद के अन्तर्गत विगत चार वर्षों के दौरान कुल 244 वर्मीकम्पोस्ट निर्मित किये गये जिन पर कुल रूपये 55.96 लाख का परिव्यय किया गया। जिसमें सबसे अधिक योगदान विकासखण्ड चम्पावत द्वारा 110 वर्मीकम्पोस्ट बनाकर रूपये 27.46 लाख रूपये का परिव्यय करवाया किया गया, जिसमें लोहाघाट एवं बाराकोट विकासखण्ड पीछे रहे।

जनपद में वर्मी कम्पोस्ट का वर्षवार आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016–17 में ही विभाग द्वारा कुछेक प्रतिशत अच्छा कार्य किया गया परन्तु समय के साथ–साथ कार्य की प्रगति में निरन्तर विचलन देखने को मिला है, जो संतोषजनक नहीं माना जा सकता, क्योंकि समय के अनुरूप कार्य की मांग बढ़ती है अथवा घटती है, यह सम्भावनायें तभी सम्भव हो सकती हैं, जब विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को पूर्ण रूप से आच्छादित किया गया हो या वंचित रखा गया हो। अर्थात विभाग को अपने कार्यक्षेत्र को पुनः सर्वेक्षण कर कार्ययोजना सम्बन्धित क्षेत्र की तैयार करने का प्राविधान करने की आवश्यकता है।

वर्मीकम्पोस्ट	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	योग
चम्पावत	82	13	5	10	110
लोहाघाट	12	0	0	5	17
पाटी	43	17	7	10	77
बाराकोट	13	0	2	5	20
योग जनपद	**150**	**30**	**14**	**30**	**224**

(भौतिक प्रगतिसंख्या में)

वर्मीकम्पोस्ट	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	योग
चम्पावत	20.46	3.25	1.25	2.50	27.46
लोहाघाट	3.00	0.00	0.00	1.25	4.25
पाटी	10.75	4.25	1.75	2.50	19.25
बाराकोट	3.25	0.00	0.50	1.25	5.00
योग जनपद	**37.46**	**7.50**	**3.50**	**7.50**	**55.96**

(वित्तीय प्रगति लाख रूपये में)

वर्मीकम्पोस्ट निर्माण के लिए जनपद से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर यह पुष्ठि होती है कि विकाखण्ड पाटी द्वारा विगत चार वर्षों के मध्य कुल परिव्यय का मात्र 6% खर्च करते हुए कुल निर्मित वर्मीकम्पोस्ट में से 34% वर्मीकम्पोस्ट का निर्माण करवाया गया जबकि अन्य विकासखण्ड़ों में व्यय के सापेक्ष कम प्रतिशत मात्रा में वर्मीकम्पोस्ट बनाये गये। इस कार्यक्रम के लिए विकासखण्ड चम्पावत के अतिरिक्त अन्य विकासखण्डों की प्रगति न्यूनतम रहती है। आंकड़ें निम्नवत ग्राफ में दर्शाये गये हैं।





घेरबाड़ योजना :– घेरबाड योजना के तहत विगत चार वर्षों के मध्य कुल 24.10 हेक्टेयर भूमि पर घेरबाड निर्माण का कार्य करवाने लिए विभाग द्वारा कुल रूपये 24.10 लाख धनराशि का परिव्यय करवाया गया। जिसमें सबसे अधिक योगदान विकासखण्ड चम्पावत द्वारा 12.40 हेक्टेयर भूमि पर घेरबाड का निर्माण कर किया गया। विकासखण्ड लोहाघाट एवं बाराकोट का न्यूनतम योगदान रहा, जबकि वर्ष 2017–18 एवं वर्ष 2018–19 में घेरबाड निर्माण तथा परिव्यय के आंकड़ें न्यूनतम रहे। वर्तमान समय में जंगली जानवरों के आंतक से पर्वतीय क्षेत्र बहुत प्रभावित हैं, जिसके लिए उद्यमियों के द्वारा लगातार मांग बढ़ती जा रही है। कार्ययोजना उद्यमी की रूचि एवं क्षेत्र विशेष को ध्यान में रखकर तैयार की जानी चाहिए। वर्षवार एवं विकासखण्डवार आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका एवं ग्राफ में प्रदर्शित किया गया है।

घेरबाड़ योजना	भौतिक प्रगति हेक्टेयर एवं वित्तीय प्रगति लाख रूपये में				
	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	योग
चम्पावत	3.50	1.70	1.20	6.00	12.40
लोहाघाट	1.00	0.00	0.00	0.00	1.00
पाटी	3.00	1.00	2.35	2.00	8.35
बाराकोट	1.00	0.30	0.50	0.55	2.35
योग जनपद	8.50	3.00	4.05	8.55	24.10





पौधशाला/नर्सरी स्थापना :– जनपद में वर्तमान समय में कुल 17 पौधशाला स्थापित करने में विभाग द्वारा कुल रूपये 25.25 लाख का परिव्यय किया गया है। विकासखण्ड चम्पावत में 10, पाटी विकासखण्ड में 06 तथा लोहाघाट में 01 को स्थापित करने में विभाग द्वारा क्रमशः 58%, 36% तथा 06% धनराशि का कुल

परिव्यय पिछले चार सालों में किया गया। जिसमें वर्ष 2016–17 में ही विभाग की प्रगति संतोषजनक रही है जबकि अन्य वर्षों में आंकड़ें निराशाजनक देखे जा सकते हैं।

पौधषाला स्थापना	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	योग
चम्पावत	8	1	1	0	10
लोहाघाट	1	0	0	0	1
पाटी	5	0	0	1	6
बाराकोट	0	0	0	0	0
योग जनपद	**14**	**1**	**1**	**1**	**17**

(भौतिक प्रगति संख्या में)

पौधशाला स्थापना	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	योग
चम्पावत	11.75	1.50	1.50	0.00	14.75
लोहाघाट	1.50	0.00	0.00	0.00	1.50
पाटी	7.50	0.00	0.00	1.50	9.00
बाराकोट	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
योग जनपद	**20.75**	**1.50**	**1.50**	**1.50**	**25.25**

(वित्तीय प्रगति लाख रूपये में)

नर्सरी/पौधशाला के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को उत्पन्न किये जाने की अधिक सम्भावनायें हैं। विभाग को चाहिए कि रूचिकर उद्यमियों को चिहिन्त कर प्रशिक्षित किया जाय तत्पश्चात उन्नत किस्म के बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध करवा कर नर्सरियों का विभागीय अधिकारी / कर्मचारी के माध्यम से अनुश्रवण किये जाने का प्राविधान होना उचित होगा। आंकड़ों को उपरोक्त तालिकाओं में एक नजर में देखा जा सकता है।

मिशन योजना :– इस मद के अन्तर्गत विभाग द्वारा पॉलीहाउस निर्माण, मैकेनाईजेशन ट्रिलर वितरण, पुराने उद्यानो का जीर्णोद्धार, हल्दी बीज वितरण, अदरक बीज वितरण, प्लास्टिक मल्चिंग वितरण, सब्जी क्षेत्रफल विस्तार, फल क्षेत्रफल विस्तार, पुष्प क्षेत्र विस्तार, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, आदि कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं, जिनका विश्लेषण निम्नवत दिया जा रहा है।

पॉलीहाउस निर्माण :–

मिशन योजनान्तर्गत वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य की कुल प्रगति विवरण				
पॉलीहाउस निर्माण	व्यय धनराशि (लाख में)	भौतिक पूर्ति (संख्या में)	व्यय धनराशि (प्रतिशत में)	भौतिक पूर्ति (प्रतिशत में)
चम्पावत	21.54	18	36%	36%
लोहाघाट	9.14	6	15%	12%

पाटी	28.65	26	48%	52%
बाराकोट	0	0	0%	0%
बोर्ड द्वारा चम्पावत की कुल 313 ग्राम पंचायतों में से विगत चार सालों के मध्य मात्र 22 ग्राम पंचायतों में ही चाय उत्पादन का कार्य करवाया जा रहा है, जो कि बहुत न्यूनतम आंकड़ा है। बोर्ड द्वारा इन ग्राम पंचायतों के 422 परिवारों को लाभान्वित करते हुए 11% पुरूषों तथा 89% महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया गया। आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि चाय कार्यक्रम में पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं का योगदान अधिक है, इस तरह के आंकड़ें भी जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन की भी पुष्ठि करते हैं। आंकड़ों का विवरण निम्नवत तालिका में दशाये गये हैं।

चाय विकास कार्यक्रम का वर्षवार एवं विकासखण्डवार रोजगार उपलब्धता का विवरण						
वर्ष	विकासखण्ड	आच्छादित क्षेत्रफल (है0)	लाभान्वित ग्राम सभायें	लाभान्वित परिवारों की संख्या	लाभान्वित श्रमिक	
					पुरूष	महिला
2016–17	चम्पावत	167.97	13	260	29	308
	लोहाघाट	22.14	06	29	11	47
	पाटी	10.10	01	14	0	19
	बाराकोट	0.00	–	0	0	0
योग		**200.21**	20	**303**	**40**	**374**
2017–18	चम्पावत	167.92	13	284	44	243
	लोहाघाट	25.38	06	34	8	99
	पाटी	10.10	01	14	0	17
	बाराकोट	0.00	–	0	0	0
योग		**203.40**	20	**332**	**52**	**359**
2018–19	चम्पावत	173.45	13	281	33	289
	लोहाघाट	28.90	06	47	6	41
	पाटी	10.10	01	14	0	15
	बाराकोट	0.00	–	0	0	0
योग		**212.45**	20	**342**	**39**	**345**
2019–20	चम्पावत	177.34	14	361	44	338
	लोहाघाट	33.04	07	47	4	43
	पाटी	10.10	01	14	0	13
	बाराकोट	0.00	–	0	0	0
योग		**220.48**	**22**	**422**	**48**	**394**

बोर्ड द्वारा चम्पावत की कुल 22 ग्राम पंचायतों में 30 चाय बागानों को स्थापित किया गया। इन बागानों से विगत चार सालों के दौरान कुल 172.958 कु0 चाय की हरी पत्ती उत्पादित एवं प्रसंस्करण करते हुए 40.275 कु0 चाय का उत्पादन किया गया जिसमें से 39.616 कु0 चाय का विक्रय भी सम्पादित किया जाता है। इस क्षेत्र में रोजगार की अपार सम्भावनायें हैं, बोर्ड को अपने कार्यक्रम को और विस्तृत करने की आवश्यकता है।

बोर्ड द्वारा बागानों से प्राप्त हरी पत्तियों को बोर्ड की स्वयं की चाय फैक्ट्रियों (चम्पावत) में प्रोसेसिंग कर आर्थोडॉक्स चाय/ग्रीन टी तैयार की जा रही है, जिसे ''उत्तराखण्ड टी'' के नाम से स्थानीय बाजार एवं आक्शन हाउस, कोलकाता के माध्यम से विक्रय कर आय अर्जित की जा रही है। बोर्ड द्वारा विगत 05 वर्षों में बागानों से प्राप्त हरी पत्ती, तैयार की जा रही आर्थोडॉक्स चाय एवं उसकी बिक्री का विवरण निम्नानुसार है :–

चाय विकास बोर्ड द्वारा चाय फैक्ट्री चम्पावत हेतु चाय उत्पादन का विवरण									
वर्ष	विकासखण्ड	चाय प्रजाति की नामावली	चाय नर्सरियों की संख्या	चाय हेतु कलस्टरों की संख्या	स्थापित चाय बागानों की संख्या	चाय बागानों से उत्पादित चाय की हरी पत्ती (कुन्तल में)	चाय प्रसंस्करण इकाईयों में प्राप्त हरी पत्ती (कुन्तल में)	चाय प्रसंस्करण इकाईयों में उत्पादित चाय की मात्रा (कुन्तल में)	चाय प्रसंस्करण इकाईयों से बिकी चाय की मात्रा (कुन्तल में)
2016–17	चम्पावत	आर्थोडॉक्स चाय	1	15	15	36.373	36.373	8.577	8.478
	लोहाघाट	,,	0	5	5	0	0		
	पाटी	,,	0	1	1	0.232	0.232		
	बाराकोट	,,	0	0	0	0	0	0	0
योग			**1**	**21**	**21**	**36.605**	**36.605**	**8.577**	**8.478**
2017–18	चम्पावत	आर्थोडॉक्स चाय	1	15	15	44.771	44.771	10.559	10.413
	लोहाघाट	,,	0	5	5	0.389	0.389		
	पाटी	,,	0	1	1	0.623	0.623		
	बाराकोट	,,	0	0	0	0	0	0	0
योग			**1**	**21**	**21**	**45.783**	**45.783**	**10.559**	**10.413**
2018–19	चम्पावत	आर्थोडॉक्स चाय	1	15	15	41.458	41.458	10.169	9.968
	लोहाघाट	,,	0	5	5	0.724	0.724		
	पाटी	,,	0	1	1	0.592	0.592		
	बाराकोट	,,	0	0	0	0	0	0	0
योग			**1**	**21**	**21**	**42.774**	**42.774**	**10.169**	**9.968**
2019–20	चम्पावत	आर्थोडॉक्स चाय	1	16	16	45.968	45.968	10.970	10.757
	लोहाघाट	,,	0	6	6	1.185	1.185		
	पाटी	,,	0	1	1	0.643	0.643		
	बाराकोट	,,	0	0	0	0	0	0	0
योग			**1**	**23**	**23**	**47.796**	**47.796**	**10.970**	**10.757**
महायोग			**1**	**30**	**30**	**172.958**	**172.958**	**40.275**	**39.616**

सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम (Border Area Development Programme)

सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम शत प्रतिशत केन्द्रीय वित्त पोषित कार्यक्रम है। जो भारत देश की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के शून्य से 10 किमी के भीतर स्थित ग्रामों को आच्छादित करते हुए 381 विकासखण्डों में संचालित हो रही है। जिसमें जनपद चम्पावत के दो विकासखण्ड चम्पावत और लोहाघाट सम्मिलित हैं। विगत चार वर्षों के मध्य इन विकासखण्डों में सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत करवाये गये कार्यों का विवरण निम्नवत तालिका में प्रदर्शित किया गया है।

सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम का प्रभाव									
वर्ष	विकासखण्ड का नाम (जहाँ बी.ए.डी.पी. संचालित हो रही हो)	बी0ए0डी0पी0 के अन्तर्गत निर्मित योजनाओं का विवरण (कुल संख्या)							
		कृषि/पशुपालन क्षेत्र में	शिक्षा क्षेत्र में	स्वास्थ्य क्षेत्र में	खेल गतिविधि के क्षेत्र में	अवसंरचना के क्षेत्र में	सामाजिक क्षेत्र में	कुल निर्मित योजनाएं	कुल व्यय धनराशि (लाख में)
2016–17	चम्पावत	5	6	8	4	33	17	73	443.68
	लोहाघाट	1	3	3	3	22	11	43	213.52
योग		**6**	**9**	**11**	**7**	**55**	**28**	116	**657.20**
2017–18	चम्पावत	4	4	2	9	29	21	69	455.68
	लोहाघाट	1	2	2	6	20	11	42	222.38
योग		**5**	**6**	**4**	**15**	**49**	**32**	111	**678.06**
2018–19	चम्पावत	5	5	6	4	4	12	36	332.86
	लोहाघाट	3	3	3	3	8	5	25	174.69
योग		**8**	**8**	**9**	**7**	**12**	**17**	61	**507.55**
2019–20	चम्पावत	1	5	3	2	12	15	38	414.68
	लोहाघाट	3	3	0	3	12	3	24	205.07
योग		**4**	**8**	**3**	**5**	**24**	**18**	62	**619.75**
विगत वर्षों का योग		**23**	**31**	**27**	**34**	**140**	**95**	350	**2462.56**

आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि जनपद के विकासखण्ड चम्पावत द्वारा विगत चार सालों में कुल परिव्यय का 67% तथा विकासखण्ड लोहाघाट द्वारा 33% की धनराशि का व्यय किया गया। स्वीकृत धनराशि को सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत चिह्नित क्षेत्रों में से अवसंरचना के क्षेत्र में 40% सबसे अधिक तथा सबसे कम कृषि/पशुपालन में 6.6% की धनराशि का परिव्यय विगत चार सालों में किया गया, जिसका जनपद में विवरण निम्नवत ग्राफ से स्पष्ट हो जाता है।



विकासखण्डों के लिए सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत चिह्नित क्षेत्रों में कार्य करवाने हेतु आंकड़ें देखे तो ज्ञात होता है कि विकासखण्डों द्वारा अति आवश्यक क्षेत्रों में निम्न दर पर योजनायें निर्मित की जा रही है, जिससे स्पष्ट होता है कि जनपद के इन विकासखण्डों में अवसंरचना एवं सामाजिक क्षेत्र में अधिक मांग की जा रही है अथवा ग्रामीणों में इस कार्यक्रम के तहत स्वीकृत मदों की जानकारी का अभाव है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक मांग कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा खेल सम्बन्धी होती हैं। जिसकी स्थिति निम्नवत ग्राफों से स्पष्ट होती है।





सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम के आंकड़ों से यह भी स्पष्ट होता है कि इस कार्यक्रम से ग्रामीणों की आय में वृद्धि तो दिखायी जाती है, परन्तु गांवों की जनसंख्या में कोई भी परिवर्तन नहीं दिखाया जाता जो कि कार्यक्रमो के उचित संचालन की ओर इशारा करता हैं। कार्यदायी संस्था को आगामी समय में सम्बन्धित ग्रामों का सघन सर्वेक्षण करवाकर कार्य योजना बनवाने की कार्यवाही अमल में लानी होगी तभी ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक–आर्थिक विकास को सुदृढ करते हुए पलायन पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

ग्रोथ सेन्टर

उत्तराखण्ड राज्य प्राकृतिक संसाधनों एवं जैव विविधता से परिपूर्ण है। राज्य में प्राकृतिक रूप से अनेक विशिष्ट उत्पाद उपलब्ध हैं। इन्हीं के विपणन हेतु ग्रोथ सेन्टर की परिकल्पना की गयी है। वर्तमान में ग्रोथ सेन्टरों द्वारा राज्य के विशिष्ट एवं प्राकृतिक उत्पादों को देश–विदेश तक पहुँचाने के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक–आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने एवं पलायन को कम करने हेतु स्थानीय स्तर पर ही ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है।

उत्तराखण्ड राज्य में अभी तक कुल 106 ग्रोथ सेन्टर स्थापित किये गये हैं जिससे लगभग 29,499 उद्यमियों को लाभान्वित करते हुए कुल 2,422 स्वयं सहायता समूहों को इस कार्यक्रम से जोड़ा गया है। जनपद चम्पावत में दो ग्रोथ सेन्टर स्वीकृत किये गये हैं जिसमें लोहा उत्पादन एवं कृषि उपकरण हेतु विकासखण्ड लोहाघाट में प्रगति ग्राम संगठन रायकोट, बूंगा के द्वारा सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है, जबकि दूसरा विकासखण्ड चम्पावत के श्यामलाताल में शहद और मसाले के प्रसंस्करण हेतु अभी निमार्णाधीन है। ग्रोथ सेन्टरों का विवरण निम्नवत है।

जनपद चम्पावत में ग्रोथ सेन्टरों का विवरण

क्र0स0	ग्रोथ सेन्टर का नाम	विकासखण्ड	स्थापना वर्ष	ग्रोथ सेन्टर स्थापित करने में व्यय धनराशि (रू0लाख में)	संचालित गतिविधि	मासिक उत्पादन लगभग (कुन्तल में)	मासिक विपणन	ग्रोथ सेन्टर की कुल मासिक आय	ग्रोथ सेन्टर से लाभान्वित SHG's (संख्या में)		रोजगार प्राप्त उद्यमी (संख्या में)		ग्रोथ सेन्टर से उद्यमियों की आय में परिवर्तन (रूपये में)		अभ्युक्ति
									प्रारम्भ में	वर्तमान में	प्रारम्भ में	वर्तमान में	प्रारम्भ में	वर्तमान में	
1	लोह उत्पाद एवं कृषि उपकरण	लोहाघाट	जुलाई 2020	41.04	लोह उत्पाद एवं कृषि उपकरण	30	25	रूपये 30000 से रूपये 35000 तक	6	8	40	32	4000	10000	प्रगति ग्राम संगठन रायकोट बूंगा द्वारा संचालित
2	शहद एवं मसाला	चम्पावत	2021	50.85	शहद एवं मसाला	–	–	–	30	–	150	–	–	–	उगता सूरज ग्राम संगठन बामन जौल द्वारा संचालित किये जाने का प्रस्ताव

(01) **लोह उत्पाद एवं कृषि उपकरण :–** विकासखण्ड लोहाघाट में लोह उत्पाद एवं कृषि उपकरण हेतु ग्रोथ सेन्टर को स्थापित करने लिए उद्योग विभाग द्वारा रू0 21.95 लाख, उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से रू0 9.59 लाख, विधायक निधि से रू0 5.00 लाख तथा युगपतीकरण से रू0 4.50 लाख का व्यय करते हुए कुल रू0 41.04 लाख की धनराशि का परिव्यय किया गया। वर्तमान में 8 स्वयं सहायता समूहों को ग्रोथ सेन्टर से जोड़ते हुए 32 उद्यमियों को रोजगार उपलब्ध कराते हुए आय में 40% की वृद्धि करवायी गयी है।

(02) **शहद एवं मसाला :–** विकासखण्ड चम्पावत में शहद एवं मसाला प्रसंस्करण हेतु ग्रोथ सेन्टर को स्थापित करने लिए उद्योग विभाग द्वारा रू0 21.03 लाख, उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से रू0 14.47 लाख, मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत रू0 10.35 लाख तथा विधायक निधि से रू0 5.00 लाख मद में स्वीकृत कर कुल रू0 50.85 लाख की धनराशि का परिव्यय किये जाने का प्राविधान किया गया है। जिससे भविष्य में 30 स्वयं सहायता समूहों के उद्यमियों को लाभान्वित करने का ग्राम्य विकास विभाग द्वारा कार्ययोजना तैयार की गई है।

अध्याय 5

विश्लेषण एवं सिफारिशें

चम्पावत उत्तराखण्ड राज्य के पूर्वी क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख जनपद है। चम्पावत कुमाऊँ मण्डल के दक्षिण पूर्व में पड़ोसी देश नेपाल की सीमा से लगा हुआ जनपद है। जनपद चम्पावत की सीमा उत्तर में पिथौरागढ़, पश्चिम में अल्मोड़ा तथा नैनीताल और दक्षिण में उधमसिंहनगर जनपद की सीमाओं से मिलती हैं। जनपद का क्षेत्रफल करीब 1766 वर्ग किमी है। जनपद का अधिकांश भू–भाग पहाड़ी है जिसमें उच्च ऊंचाई वाली पहाड़ी, पहाड़ी और पठार और फ्लैट हैं। पत्थर और बजरी की मात्रा अधिक होने के कारण फसलों का उत्पादन बहुत कम है। 2001 की जनगणना तक, यहां केवल एक तहसील चम्पावत थी, हालांकि चम्पावत से तीन नई तहसीलों के साथ, 2011 की जनगणना में तहसीलों की संख्या चार हो गयी है जो इस प्रकार से है – चम्पावत, पाटी, लोहाघाट और पूर्णागिरी। विकास के दृष्टकोण से जनपद को पाटी, बाराकोट, चम्पावत और लोहाघाट जैसे चार विकास खण्डों में विभाजित किया गया है।

Demographic Data

जनपद के विकासखण्ड पाटी एवं लोहाघाट में आगामी समय में आबाद ग्रामों की संख्या में गिरावट तथा विकासखण्ड बाराकोट, चम्पावत तथा वन क्षेत्रों में आबाद ग्रामों की संख्या में वृद्धि होने की सम्भावना निम्नवत तालिका के आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि पलायन एक समस्या है। आंकडें निम्नवत तालिकाओं में प्रदर्शित किये गये हैं।

वर्ष/ विकासखण्ड	पाटी में ग्रामों की संख्या			बाराकोट में ग्रामों की संख्या			लोहाघाट में ग्रामों की संख्या			चम्पावत में ग्रामों की संख्या			वन क्षेत्र में ग्रामों की संख्या		
	आबाद	गैर आबाद	योग	आबाद	गैर आबाद	योग	आबाद	गैर आबाद	योग	आबाद	गैर आबाद	योग	आबाद	गैर आबाद	योग
1991	159	10	169	98	5	103	146	8	154	240	21	261	8	1	9
2001	154	10	164	98	5	103	146	8	154	245	21	266	8	1	9
2011	156	8	164	100	3	103	144	10	154	244	22	266	18	12	30

वर्ष	निर्माण युक्त भूमि	कृषि भूमि	जंगली भमि	चारागाह वाली भूमि	बंजर भूमि	नदी नाले वाली भूमि	स्थायी बर्फ वाली भूमि
1990	0.5	108.0	1480.9	751.0	30.9	62.9	0.0
1999	0.6	132.8	1484.3	41.6	35.5	63.7	0.0
2009	1.1	197.5	1463.7	26.8	5.1	64.3	0.0
2014	1.7	287.7	1385.8	11.8	7.0	64.8	0.0
2020	1.8	301.5	1395.9	-271.3	-2.1	65.2	0.0

जनपद में तहसीलवार वर्ष 2001 से वर्ष 2011 के मध्य तहसीलों की जनसंख्या का विवरण दिया गया है जिसमें सबसे कम 6.81% जनसंख्या वृद्धि पूर्णागिरि तहसील में हुई है जबकि सबसे अधिक 41.46% चम्पावत तहसील में हुई है। उक्त आंकड़े पलायन की ओर संकेत करते हैं।

जनपद चम्पावत में वर्षवार एवं तहसीलवार जनसंख्या का विवरण					
वर्ष / विकासखण्ड	**चम्पावत**	**पूर्णागिरी**	**लोहाघाट**	**पाटी**	**जनपद**
2001	38545	68479	77616	39902	224542
2011	54524	73143	86477	45504	259648
2021	70503	77807	95338	51106	294754
2001 से 2011 के मध्य बदलाव	15979	4664	8861	5602	35106
2001 से 2011 के मध्य बदलाव प्रतिशत	***41.46%***	***6.81%***	***11.42%***	***14.04%***	***15.63%***

जनपद चम्पावत की जनसंख्या वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार कुल 224542 है, जो वर्ष 2011 की जनगणना में बढ़कर 259648 हुई, इनमें 131125 पुरूष तथा 128523 महिलाएं हैं। जनपद चम्पावत का जनसंख्या घनत्व 147 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है, जो वर्ष 2001 में 127 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी था, जिसमें 16% की वृद्धि हुई है। जिसके आंकड़ें निम्नवत तालिका में प्रदर्शित किये गये हैं।

वर्ष	**कुल जनसंख्या**			**जनसंख्या घनत्व**
	पुरूष	**महिला**	**योग**	
2001	111084	113458	224542	127
2011	131125	128523	259648	147
दशकीय परिवर्तन ±	20041	15065	35106	20
	18.04%	**13.28%**	**15.63%**	**16%**

जनपद चम्पावत में विकासखण्डवार जनसंख्या में वर्ष 2011 के लिए दशकीय परिवर्तन देखें तो आंकड़ों से ज्ञात होता है कि विकासखण्ड चम्पावत में सबसे अधिक 22.60% व विकासखण्ड बाराकोट में सबसे कम 8.78% दशकीय परिवर्तन देखा जा सकता है। जबकि इसके विपरीत वन बस्ती जनसंख्या में 133. 33% व नगरीय जनसंख्या में 13.51% दशकीय परिवर्तन दर देखी जा सकती है। जिसके आंकड़े निम्नवत तालिका में दर्शाये गये हैं।

दशकीय परिवर्तन प्रतिशत का तुलनात्मक विवरण					
क्र0स0	**विकासखण्ड का नाम**	**जनसंख्या**		**दशकीय परिवर्तन**	
		2001	**2011**	**संख्या**	**प्रतिशत**
1	चम्पावत	78845	96667	17822	22.60%
2	लोहाघाट	40755	45333	4578	11.23%
3	बाराकोट	24523	26676	2153	8.78%
4	पाटी	46359	51971	5612	12.11%
विकासखण्ड योग		***190482***	***220647***	***30165***	***15.84%***
वन बस्तियों की जनसंख्या		282	658	376	133.33%
नगरीय जनसंख्या		33778	38343	4565	13.51%
महायोग		***224542***	***259648***	***35106***	***15.63%***

जनपद चम्पावत में वर्ष 1901 से वर्ष 2011 के मध्य जनसंख्या में हुए दशकीय बदलाव को निम्नवत तालिका में दर्शाया गया है, जिसमें वर्ष 1931 से वर्ष 1971 के मध्य जनसंख्या में वृद्वि दर देखी गयी है जो वर्ष 1971 में बढ़कर 45.07% हो गयी थी परन्तु वर्ष 1981 से जनसंख्या में हर दशक में गिरावट होते हुए वर्ष 2011 तक जनसंख्या में 15.63% की वृद्धि दर रह चुकी है, जिससे जनपद में पलायन की पुष्टि होती है। जिसके आंकड़ें निम्नवत तालिका में प्रस्तुत किये गये हैं।

वर्ष 1901 की स्थिति से वर्ष 2011 के मध्य जनसंख्या में दशकीय बदलाव						
जनपद	जनगणना वर्ष	जनसंख्या	पूर्ववर्ती जनगणना के बाद से बदलाव		पुरूष	महिला
			शुद्व बदलाव	प्रतिशत		
चम्पावत	1901	39,902	----	----	20,524	19,378
	1911	45,196	+5,294	+13.27	23,314	21,882
	1921	44,606	-590	-1.31	22,759	21,847
	1931	48,514	+3,908	+8.76	24,759	23,755
	1941	56,462	+7,948	+16.38	28,616	27,846
	1951	63,640	+7,178	+12.71	32,553	31,087
	1961	83,080	+19,440	+30.55	42,882	40,198
	1971	120,525	+37,445	+45.07	61,636	58,889
	1981	151,072	+30,547	+25.34	77,580	73,492
	1991	190,929	+39,857	+26.38	98,173	92,756
	2001	224,542	+33,613	+17.60	111,084	113,458
	2011	259,648	+35,106	+15.63	131,125	128,523

आर्थिक आंकड़े

अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय के आंकड़ों के अनुसार चम्पावत जनपद की सकल जिला घरेलू उत्पाद वर्ष 2008–09 के लिए रूपये 80100 लाख था जो राज्य की कुल GDDP में 1.99 प्रतिशत का योगदान था। वर्ष 2008–09 के लिए जिले की प्रति व्यक्ति आय रूपये 27374 है जो कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय रूपये 36520 से बहुत कम था।

जनपद में जनसंख्या के आर्थिक वर्गीकरण के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि जनपद में कृषकों और पारिवारिक उद्योग में निरन्तर कमी हो रही है जो पहाड़ों में आय के प्रमुख स्रोत के रूप में माने जाते हैं। आंकड़े वर्षवार एवं विकासखण्डवार निम्नवत तालिकाओं में दर्शाये गये हैं जिसके लिए पारिवारिक उद्योगों को बढ़ावा दिये जाने के साथ–साथ कृषि क्षेत्र का आधुनिकीकरण किया जाना उचित होगा।

जनपद में वर्षवार जनसंख्या का आर्थिक वर्गीकरण							
वर्ष	मुख्य कर्मकर					सीमान्त कर्मकर	कुल कर्मकर
	कृषक	कृषि श्रमिक	पारिवारिक उद्योग	अन्य	कुल		
1991	47128	355	383	17049	64915	16387	81302
2001	34378	520	1084	20183	56165	34043	90208
2011	31971	1980	911	27836	62698	36868	99566
2021 के लिए अनुमानित	22669	2577	1321	32476	59042	49580	108623
वर्ष 2001 से वर्ष 2011 के मध्य बदलाव	-2407	1460	-173	7653	6533	2825	9358

वर्ष 2001 का विकास खण्डवार कर्मकरों का विवरण							
विकासखण्ड	मुख्य कर्मकर					सीमान्त कर्मकर	कुल कर्मकर
	कृषक	कृषि श्रमिक	पारिवारिक उद्योग	अन्य	कुल		
पाटी	8362	36	124	2117	10639	9873	20512
बाराकोट	5708	7	136	1257	7108	4475	11583
लोहाघाट	7842	40	150	2452	10484	6380	16864
चम्पावत	12006	378	517	6209	19110	12039	31149
समस्त विकास खण्ड	33918	461	927	12035	47341	32767	80108
वन	0	0	0	93	93	53	146
ग्रामीण क्षेत्र	33918	461	927	12128	47434	32820	80254
नगरीय	460	59	157	8055	8731	1223	9954
योग जनपद	**34378**	**520**	**1084**	**20183**	**56165**	**34043**	**90208**

पलायन **के आंकड़े**

पिछले 10 वर्षों में 304 ग्राम पंचायतों से कुल 20332 व्यक्तियों द्वारा अस्थायी रूप से पलायन किया गया है, हालांकि वे समय–समय पर ग्रामों में अपने घर आना–जाना करते हैं क्योंकि उनके द्वारा स्थायी रूप से पलायन नहीं किया गया है। पिछले 10 वर्षों में 208 ग्राम पंचायतां से 7886 व्यक्तियों द्वारा पूर्णरूप से स्थायी पलायन किया गया है, जो कि गम्भीर चिंता का विषय है। आंकड़े दर्शाते हैं कि जनपद के सभी विकास खण्ड़ों में स्थायी पलायन की तुलना में अस्थायी पलायन अधिक हुआ है।

पिछले 10 वर्षों में ग्राम पंचायतों से हुए पलायन का विकासखण्ड़वार विवरण				
विकासखण्ड का नाम	ग्राम पंचायतों की कुल संख्या (जिन्होने पूर्ण रूपेण पलायन न किया हो/घर में आना–जाना लगा रहता हो/अस्थाई रूप से रोजगार के लिए बाहर रहता हो)	पिछले 10 वर्षो में पलायन करने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या (जिन्होने पूर्ण रूपेण पलायन न किया हो/घर में आना–जाना लगा रहता हो/अस्थाई रूप से रोजगार के लिए बाहर रहता हो)	ग्राम पंचायतों की कुल संख्या (जो पूर्ण रूप से पलायन कर चुके हो या अपनी जमीन बेच चुके हो/अथवा भूमि बंजर पड़ी हो/घरों पर ताले लगे हो/तथा बहुत कम गॉव आना होता हो)	पिछले 10 वर्षो में पूर्ण पलायन करने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या (जो पूर्ण रूप से पलायन कर चुके हो या अपनी जमीन बेच चुके हो/अथवा भूमि बंजर पड़ी हो/घरों पर ताले लगे हो/तथा बहुत कम गॉव आना होता हो)
बाराकोट	48	2,605	40	1,479
चम्पावत	107	8,014	52	2,508
लोहाघाट	65	3,636	51	1,383
पाटी	84	6,077	65	2,516

पलायन का मुख्य कारण आजीविका/रोजगार, की समस्या के साथ–साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओ में कमी है। विस्तृत आंकड़े नीचे दी गई तालिका में प्रस्तुत हैं।

ग्राम पंचायतों से पलायन के मुख्य कारण का विकासखण्डवार विवरण										
ग्राम पंचायत से पलायन के कारण (लगभग प्रतिशत में)										
जनपद	विकासखण्ड का नाम	आजीविका / रोजगार की समस्या (प्रतिशत)	चिकित्सा सुविधा का आभाव (प्रतिशत)	शिक्षा सुविधा का आभाव (प्रतिशत)	इन्फ्राटक्चर (सड़क, बिजली, पानी व अन्य का आभाव) (प्रतिशत)	कृषि भूमी में उत्पादकता/पैदावार की कमी (प्रतिशत)	परिवार/सगे संम्बन्धियों की देखा–देखी पलायन करना (प्रतिशत)	जंगली जानवरों के द्वारा कृषि को हानि पहुंचाने करने के कारण (प्रतिशत)	अन्य कोई विशेष कारण (प्रतिशत)	योग
चम्पावत	बाराकोट	33.04	12.19	14.60	6.35	10.10	11.69	6.60	5.42	100.00
चम्पावत	चम्पावत	54.12	5.33	10.29	6.29	4.19	2.59	8.80	8.39	100.00
चम्पावत	लोहाघाट	66.56	4.73	8.30	3.14	6.84	1.98	4.39	4.05	100.00
चम्पावत	पाटी	59.46	6.40	9.16	5.85	6.00	3.67	6.07	3.38	100.00

आंकड़ों से स्पष्ट हुआ है कि लगभग 40 प्रतिशत पलायन 26 से 35 आयु वर्ग द्वारा किया गया है। विभिन्न विकासखण्ड़ों और जनपद की विस्तृत जानकारी निम्न तालिका में दी गई है।

ग्राम पंचायतों से आयु वर्गवार पलायन का जनपद और विकासखण्ड़वार विवरण					
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	ग्राम पंचायत से पलायन करने वालों की आयु (लगभग प्रतिशत में)			
		25 साल से कम आयु वर्ग (वर्तमान में)	26 से 35 आयु वर्ग (वर्तमान में)	35 साल से अधिक आयु वर्ग (वर्तमान में)	योग
चम्पावत	बाराकोट	22.17	42.34	35.49	100.00
चम्पावत	चम्पावत	22.82	45.27	31.91	100.00
चम्पावत	लोहाघाट	27.79	44.78	27.43	100.00
चम्पावत	पाटी	27.43	48.11	24.46	100.00

ग्राम पंचायतों से आयु वर्गवार पलायन का जनपद विवरण				
जनपद का नाम	ग्राम पंचायत से पलायन करने वालों की आयु (लगभग प्रतिशत में)			
	25 साल से कम आयु वर्ग (वर्तमान में)	26 से 35 आयु वर्ग (वर्तमान में)	35 साल से अधिक आयु वर्ग (वर्तमान में)	योग
चम्पावत	25.23	45.49	29.29	100.00

ग्राम पंचायतों से हो रहे पलायन के गंतव्य के विश्लेषण कर सामने आये आंकड़ों को इस खण्ड़ में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसमें स्पष्ट हुआ है कि जनपद के ग्राम पंचायतों से लगभग 40 प्रतिशत पलायन राज्य के अन्य जनपदों में है जबकि 28 प्रतिशत पलायन राज्य के बाहर हुआ है।

ग्राम पंचायत से हुए पलायन के गन्तव्यों का विकासखण्ड़वार विवरण							
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	ग्राम पंचायत से पलायन कहॉ किया गया (लगभग प्रतिशत में)					
		नजदीकी कस्बों में	जनपद मुख्यालय	राज्य के अन्य जनपदों में	राज्य से बाहर	देश से बाहर	योग
चम्पावत	बाराकोट	27.59	12.41	33.52	26.48	0.00	100.00
चम्पावत	चम्पावत	10.83	19.87	34.52	34.01	0.77	100.00
चम्पावत	लोहाघाट	15.76	16.90	25.98	41.23	0.13	100.00
चम्पावत	पाटी	7.30	16.33	48.46	27.77	0.13	100.00

ग्राम पंचायत पर 2011 के बाद राज्य, जनपद व विकासखण्ड वार निर्जन हुए ग्रामों/तोकों की संख्या		
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	कुल राजस्व ग्राम /तोक (वर्तमान में)
चम्पावत	बाराकोट	3
चम्पावत	चम्पावत	35
चम्पावत	लोहाघाट	15
चम्पावत	पाटी	11
जनपद योग		64

2011 की जनगणना के बाद जनसंख्या 50 प्रतिशत कम हुई वाले राजस्व ग्रामों/तोकों की संख्या का राज्य, जनपद और विकासखण्ड वार विवरण		
जनपद का नाम	विकासखण्ड का नाम	कुल राजस्व ग्राम /तोक (वर्तमान में)
चम्पावत	बाराकोट	0
चम्पावत	चम्पावत	16
चम्पावत	लोहाघाट	4
चम्पावत	पाटी	24
जनपद योग		44

जनपद के विकासखण्ड चम्पावत में 200 से कम जनसंख्या वाले ग्रामों में 12, 200 से 499 तक की जनसंख्या वाले ग्रामों में 13 तथा 1500 से 1999 तक जनसंख्या वाले ग्रामों में 02 की संख्या से सबसे अधिक गिरावट का होना पलायन की पुष्टि करता है।

Uttarakhand Human Development report 2019 salient data on Champawat district

1- District growth rate 2016-17 5.8%, state average 7.0%

2- District poverty rate 35.2%, state average 15.6 %

3- District average per capita income (2016-17) Rs 91000 / State Per capita income Rs 1,61,000

4- District % of rural households receiving remittances from migrants 70%

सामान्य सिफारिशें

1. ग्राम स्तर पर आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ठ रणनीतियों को तैयार करने और कार्यान्वित करने की आवश्यकता है, इससे स्थानीय निवासियों के लिए अतिरिक्त आय उत्पन्न होगी, जिससे पलायन में कमी आयेगी तथा प्रवासियों में अपने गांव की तरफ लौटने का उत्साह रहेगा।

2. कृषि एवं गैर–कृषि आय को बढ़ावा देने की आवश्यकता है क्योंकि पांरपरिक कृषि आय एवं गैर–परंपरागत कृषि आय की अपेक्षा सेवा क्षेत्र से आय बढ़ी है। आंकड़े बताते हैं कि जिले की अर्थव्यवस्था में निर्माण क्षेत्र और सेवा क्षेत्र का योगदान पिछले वर्षों में लगातार बढ़ रहा है।

3. वे ग्राम जिनकी भौगोलिक स्थिति, वातावरण की परिस्थितियां, भूमि उपयोगिता, सिचाई एवं पेयजल की उपलब्धता, पलायन का स्तर आदि समान हो उनकी क्लस्टर बनाकर विशेषज्ञों, रेखीय विभाग तथा स्थानीय लोगो की सलाह पर कार्य योजना तैयार की जाय। स्थानीय नागरिक जो आर्थिक गतिविधियों में रूचि लें, उनकी पहचान कर विभागीय योजनाओं से सहायता प्रदान की जाये, ताकि वे अपनी आय को बढ़ा सकें।

4. जलवायु परिवर्तन चिंता का एक प्रमुख कारक है। जलवायु परिवर्तन से कृषि अर्थव्यवस्था सबसे ज्यादा प्रभावित होती है जलवायु परिवर्तन पर उत्तराखण्ड राज्य कार्य योजना द्वारा प्रस्तावित उपायों को लागू करना होगा, जिसकी अनदेखी करने पर जिले के ग्रामीण इलाकों से अधिक पलायन हो सकता है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था अधिक खराब हो सकती है।

5. स्थानीय अर्थव्यवस्था की जरूरतों के अनुसार कौशल विकास कार्यक्रमों को तैयार करना चाहिए जैंसे कि कृषि सम्बन्धी प्रौद्योगिकी में सुधार, गैर मौसमी खेती, खाद्य, फल प्रसंस्करण दुग्ध उद्योग आदि। उद्यमिता विकास कार्यक्रम को भी ग्राम/ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किए जाने की आवश्यकता है।

6. इस तथ्य को देखते हुए कि गांवो में महिलाओं की संख्या पुरूषों की तुलना मे अधिक है, खासकर 30–49 वर्ष के आयु वर्ग की महिलायें ग्रामीण सामाजिक–अर्थव्यवस्था को बढावा देने में प्रमुख भूमिका निभा सकती हैं। सामाजिक–आर्थिक विकास में महिलाओं की भागीदारी पर ध्यान केन्द्रित करना होगा जिनसे उनकी कठिनाइयों में कमी आये।

क्षेत्र वार सिफारिशें

कृषि

1. जनपद में वर्ष 2010 से वर्ष 2017–18 के मध्य कृषि के अन्तर्गत शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल में 2.31 हे0, एक बार से अधिक बोया गया क्षेत्रफल में 3.07 हे0, शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल में 0.16 हे0 तथा सकल सिंचित क्षेत्रफल में 0.12 हे0 की गिरावट का होना सिंचाई के संसाधनों का अभाव एवं पहाड़ी क्षेत्रों में कृषि का वर्षा पर आधारित होना है। जिसके लिए सिंचाई के संसाधनों के साथ उन उन्नत फसलों एवं तकनीकी को बढ़ावा दिये जाने की जरूरत है जिनके लिए सिंचाई की कम आवश्यकता हो।

2. कृषि कर्मकरों की संख्या में लगभग 2.46 प्रतिशत, कृषकों की संख्या में 10.22 प्रतिशत तथा पारिवारिक उद्योगों में 0.48 प्रतिशत की कमी से ग्राफ का गिरना युवा वर्ग का इन क्षेत्रों से दूर होना है। युवाओं को उल्लेखित क्षेत्रों में रोजगार के साथ–साथ आय उत्पन्न होने का विश्वास दिलवाना होगा, के लिए विभागीय कार्ययोजना तैयार किये जाने की आवश्यकता है।

3. जनपद के प्रतिवेदित क्षेत्रफल में शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल एवं फसल सघनता में वर्ष 2010–11 से वर्ष 2015–16 के मध्य गिरावट होने से प्रतिव्यक्ति उत्पादन में भी 21.3 किग्रा की कमी आई है। विभाग को इस ओर ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत है।

4. वर्ष 2001 से वर्ष 2011 के मध्य मुख्य कर्मकरों की संख्या के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि विकासखण्ड बाराकोट के अन्तर्गत मुख्य कर्मकरों की संख्या में 10.89 प्रतिशत की सबसे अधिक गिरावट देखी जा सकती है, साथ ही पारिवारिक उद्योग में लगे कर्मकरों की संख्या में 1.19 प्रतिशत एवं कृषि कर्मकरों की संख्या में 7.28 प्रतिशत से सबसे अधिक कमी विकासखण्ड चम्पावत में आना जनपद के ग्रामीण विकास हेतु सार्थक नहीं है। सभी विभागों को इस ओर अपना ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए।

5. जनपद चम्पावत में जहाँ एक ओर सभी विकासखण्ड़ों में वर्ष 2010–11 से वर्ष 2017–18 के मध्य उद्यानीकरण एवं एकबार से अधिक बोये गये क्षेत्र में गिरावट के आंकड़े प्रदर्शित होते हैं वहीं दूसरी ओर रबी, खरीफ तथा जायद की फसलों के सकल बोये गये क्षेत्रफल में भी कमी देखी जा सकती है।

6. जनपद के अन्तर्गत पैदा होने वाली तिलहन सिंचित, खाद्यान्न, सरसों सिंचित, धान, मक्का, जौ, झंगोरा, गेहूँ तथा चावल आदि फसलों के उत्पादन क्षेत्रफल में वर्ष 2010–11 से वर्ष 2017–18 के मध्य गिरावट के आंकड़े सभी विकासखण्ड़ों में प्रदर्शित हुए हैं। यह चिन्ता का विषय है।

7. कृषि विभाग से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत खरीफ की फसल हेतु आच्छादित क्षेत्रफल के आंकड़ों की सापेक्ष रबी और जायद की फसलों के आंकड़ें क्रमशः 25.26% व 62.57% नीचे हैं, इसी तरह उत्पादन के क्षेत्र में भी क्रमशः 11.86% व 55.90% नीचे होने की पुष्ठि होती है। जबकि इसके विपरीत उत्पादकता के लिए जायद की फसल हेतु प्राप्त

आंकड़ों की अपेक्षा खरीफ और रबी की फसलों के आंकड़ों में 63.10% व 66.31% की गिरावट देखी जा सकती है। इस कमी को दूर करना होगा।

उद्यान

1. जनपद में विभिन्न फलों का उत्पादन हो रहा है, जैसे कि नाशपाती, अमरूद, आम, अखरोट इत्यादि। विभिन्न विकास खण्ड़ों में गैर मौसमी सब्जियों का भी उत्पादन किया जा रहा है जिनकी खपत राज्य के भीतर शहरों में हो रही है। हाल ही में कुछ विकास खण्ड़ों में फूलों का उत्पादन भी शुरू हुआ है परन्तु इस पर और ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि फलों की खपत आस–पास के जनपद जैसे कि नैनीताल आदि में और बढ़ेगी।

2. वर्तमान समय में बेमौसमी सब्जियों, फूलों और फलों का प्रचलन अधिक हो चुका है, जिसमें रोजगार के अधिक ज्यादा पायदान मौजूद हैं। विभाग को इस मद में सर्वेक्षण कर ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण उद्यमियों को लाभान्वित कर रोजगार उपलब्ध करवाने की कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता है।

3. जनपद में आलू बीज वितरण के वर्षवार आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2018–19 में कुल परिव्यय में से 48% व्यय करते हुए कुल बीज वितरित में 40% बीज वितरण किया गया इसी तरह वर्ष 2016–17 में भी बीज वितरण की अपेक्षा परिव्यय कम मात्रा में किया गया है, जबकि वर्ष 2017–18 एवं वर्ष 2019–20 के अन्तर्गत कम प्रतिशत में परिव्यय करते हुए अधिक मात्रा में आलू बीज वितरण किया गया। विभाग को इस तरह के बदलाव का अनुश्रवण करते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार कर ग्रामीण उद्यमियों का चयन करते हुए आलू उत्पादन के क्षेत्रफल एवं उत्पादकता को बढ़ाना चाहिए।

4. जनपद में वर्मी कम्पोस्ट का वर्षवार आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016–17 में ही विभाग द्वारा कुछेक प्रतिशत अच्छा कार्य किया गया परन्तु समय के साथ–साथ कार्य की प्रगति में निरन्तर विचलन देखने को मिला है, जो संतोषजनक नहीं माना जा सकता, क्योंकि समय के अनुरूप कार्य की मांग बढ़ती है अथवा घटती है, यह सम्भावनायें तभी सम्भव हो सकती हैं, जब विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को पूर्ण रूप से आच्छादित किया गया हो या वंचित रखा गया हो। अर्थात विभाग को अपने कार्यक्षेत्र को पुनः सर्वेक्षण कर कार्ययोजना सम्बन्धित क्षेत्र की तैयार करने का प्राविधान करने की आवश्यकता है।

5. नर्सरी/पौधशाला के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को उत्पन्न किये जाने की अधिक सम्भावनायें हैं। विभाग को चाहिए कि रूचिकर उद्यमियों को चिहिन्त कर प्रशिक्षित किया जाय तत्पश्चात उन्नत किस्म के बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध करवा कर नर्सरियों का विभागीय अधिकारी / कर्मचारी के माध्यम से अनुश्रवण किये जाने का प्राविधान का होना उचित होगा।

6. उपरोक्त सभी आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि जनपद के विकासखण्ड चम्पावत के अलावा मिशन योजना, जिला योजना तथा राज्य योजना का परिणाम संतोषजनक नहीं दिखाई देता है जो कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को सुदृढ़ करने एवं पलायन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य हेतु उचित नहीं है। विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों का सघन सर्वेक्षण कर शिक्षित, आयु वर्गवार, रूचिकर

उद्यमियों को चिहिन्त कर एवं प्रशिक्षित करते हुए उद्यानीकरण को आय के मुख्य स्रोत के रूप में ग्रामीणों के समुख उदाहरण प्रस्तुत करने हेतु कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए।

चाय

जनपद में अभी चाय बागानों का क्षेत्रफल लगभग 233 है0 है जिसे और बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।

डेरी एवं पशुपालन

1. जनपद में पशुधन के आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2007 से वर्ष 2012 के मध्य पशुधन की संख्या में 46687 के आंकड़ों से गिरावट का होना पशुपालन के प्रति लोगों में रूचि की कमी प्रतीत होती है। इसको व्यवसायिक रूप में बढ़ावा दिये जाने की आवश्यकता है।

2. डेरी विकास विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के अन्तर्गत शासन से प्राप्त लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति प्रत्येक वर्ष की जा रही है। विभाग की ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध सहकारिताओं का सुदृढ़ीकरण योजना, डेरी विकास योजना, महिला डेरी विकास परियोजना, दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना के लक्ष्यों में प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है मात्र गंगा गाय महिला डेरी योजना के लक्ष्यों में ही कमी के आंकड़ें प्रदर्शित होते हैं।

3. विभाग द्वारा उपलब्ध होने वाले दूध और दूध के अन्य उत्पाद, जनपद की मांग को भी पूरा नहीं कर पा रहा है जिस कारण जनपद के अन्तर्गत बाहरी प्रदेशों एवं जनपदों से दूध की पूर्ति हो रही है, जो जनपद की सामाजिक–आर्थिक विकास को सेंध लगाना है, जबकि उक्त दुग्ध व्यवसाय में रोजगार की अपार सम्भावनायें हैं।

4. विभाग को डेरी विकास में महिलाओं के साथ–साथ युवाओं की भागीदारी को भी प्राथमिकता देते हुए कार्ययोजना तैयार करना, गाय भैंस के दूध के साथ–साथ बकरी के दूध को बढ़ावा देना तथा दूध एवं दूध से सम्बन्धित उत्पादों को बीमारी में उपयोगिता पर परीक्षण किया जाना चाहिए। इससे लोगों में दुग्ध व्यवसाय करने में रूचि बढ़ेगी, जिससे जनपद की सामाजिक–आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी।

5. पर्वतीय क्षेत्रों में पशुपालन बहुत कम मात्रा में व्यवसायिक रूप में किया जाता है। ग्रामीणों द्वारा ज्यादातर अपने स्वयं के उपयोग के लिए पशुपालन किया जा रहा है। जबकि जनपद के हर इलाके में दूध एवं दूध के उत्पादों तथा पर्वतीय क्षेत्रों के मांस की बहुत अधिक मात्रा में मांग हेतु बाजार उपलब्ध है।

6. विभाग पशुपालकों को व्यवसायिक एवं सामूहिक रूप में पशुपालन करवाने के लिए ग्रामीणों हेतु मेलों का आयोजन करने की कार्ययोजना तैयार करे, साथ ही पशुपालन से उत्पादित सामग्री का न्यूनतम सर्मथन मूल्य निर्धारित करने की योजना तैयार करे, ताकि पशुपालकों में एक अतिरिक्त न्यूनतम आय प्राप्ति का विश्वास जागृत हो सके।

मत्स्य पालन

1. जनपद में वर्ष 2018–19 के लिए मत्स्य पालन हेतु मात्र 19 व्यक्तिगत तालाब विकासखण्ड चम्पावत और पाटी के अन्तर्गत ही निर्मित किये गये जबकि किसी भी विकासखण्ड में विभागीय जलाशय का निर्माण नहीं करवाया गया है। विभाग जनपद के अन्तर्गत विभागीय जलाशय का निर्माण कर ग्रामीणों के मध्य मॉडल रूप प्रस्तुत कर मत्स्य पालन का प्रशिक्षण एवं प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर सकता है। मत्स्य पालन के व्यवसाय को सभी विकासखण्ड़ों में विकसित करने की कार्ययोजना विभाग को सर्वेक्षण कर तैयार करने की आवश्यकता है।

2. विभाग को विकासखण्ड चम्पावत और पाटी के अलावा विकासखण्ड लोहाघाट एवं बाराकोट में क्षेत्र विशेष का सर्वेक्षण कर अधिक से अधिक परिवारों को रोजगार से जोड़ने हेतु कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए, क्योंकि ये विकासखण्ड मत्स्य विभाग की कई योजनाओं से वंचित चल रहे हैं।

ग्रामीण विकास

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)

1. **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना :–**जनपद चम्पावत के 4 विकासखण्डों एवं 313 ग्राम पंचायतों में विभाग द्वारा कुल 40068 जॉबकार्ड वितरित किये गये हैं, जिनमें से अभी भी लगभग 22% जॉबकार्ड निष्क्रीय हैं, जबकि पंजीकृत कुल 62759 श्रमिकों में से वर्ष 2019–20 तक लगभग 28% श्रमिकों ने रोजगार नहीं लिया। इसके लिए विभाग को ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान चलाते हुए सभी जॉबकार्ड धारकों एवं श्रमिकों को आच्छादित करने की सभी विकासखण्डों में कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए।

2. **सृजित कार्य–दिवस :–**जनपद के विकासखण्डों के आंकड़ों को देखे तो ज्ञात होता है जनपद के हर विकासखण्ड में मानव दिवस में गिरावट होने की वजह से जनपद के सृजित कार्य–दिवस के आंकड़ों में भी वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के मध्य 02.48 लाख मानव दिवस की कमी हुई है। जबकि वर्ष 2019–20 में लेबर बजट अन्य वर्षों की अपेक्षा रूपये 8.17 लाख था।

3. **100 मानव दिवस पूर्ण करने वाले परिवार :–**वर्ष 2019–20 हेतु मनरेगा में मजदूरी के 100 दिन पूरे करने वाले परिवारों की संख्या के आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि जनपद में अभी तक पंजीकृत कुल 40068 परिवारों में से मात्र लगभग 3% परिवारों को ही 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया गया है, जिसमें सबसे कम विकासखण्ड बाराकोट द्वारा 152 मानव दिवस के माध्यम से योगदान किया गया है जिसको बढ़ाने के लिए विभाग को ठोस रणनीति तैयार करनी की आवश्यकता है। ताकि ज्यादा से ज्यादा परिवारों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जा सके।

4. **कुल (%) में से महिला कार्य दिवस :–**जनपद में वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के दौरान कुल (%) में से महिला कार्य दिवस की संख्या में 4.55% की वृद्धि हुई है। जिसमें सबसे अधिक योगदान विकासखण्ड बाराकोट द्वारा 45.9% व सबसे कम विकासखण्ड लोहाघाट द्वारा 43.8% के माध्यम से किया गया है।

5. **प्रति घर प्रदान किये गये रोजगार के औसत दिन :–** जनपद में वर्ष 2016–17 से वर्ष 2018–19 के दौरान प्रति घर प्रदान किये गये रोजगार के औसत दिन में 4.54 की वृद्धि एवं वर्ष 2019–20 तक 6.26 की कमी होती है जिसमें सबसे अधिक योगदान विकासखण्ड बाराकोट द्वारा 50.8% व सबसे कम विकासखण्ड लोहाघाट द्वारा 44.5% के माध्यम से किया गया है।

6. **कुल परिवारों ने काम किया :–** जनपद में वर्ष 2016–17 से वर्ष 2019–20 के दौरान कुल परिवारों ने काम करने में 4824(12%) परिवारों की दर से गिरावट हुई है जिसमें सबसे अधिक योगदान औसतन विकासखण्ड चम्पावत द्वारा 34% व सबसे कम विकासखण्ड लोहाघाट और बाराकोट द्वारा 20%-20% के माध्यम से किया गया है।

7. **पूरा किए गए कार्यो की संख्या** :– जनपद में वर्ष 2017–18 से वर्ष 2019–20 के दौरान चालू कार्यों की संख्या में 1888 (23%) कार्यों की गिरावट हुई है। पूरा किये गये कार्यों की संख्या हेतु विकासखण्ड चम्पावत एवं पाटी में क्रमशः 08% व 09% की दर से कमी आती है जबकि विकासखण्ड लोहाघाट और बाराकोट में क्रमशः 06% व 010% की दर से वृद्धि के आंकड़ें देखें जा सकते हैं, किन्तु विगत चारों वर्षों में चालू कार्यों की संख्या में सबसे अधिक 33% चम्पावत विकासखण्ड में तथा सबसे कम 21% विकासखण्ड बाराकोट में चालू स्थिति में रहने के आंकड़ें प्राप्त होते हैं।

दीन दयाल अन्त्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डी.ए.वाय.–एन.आर.एल.एम.)

1. जनपदान्तर्गत वर्ष 2019–20 तक आजीविका मिशन के तहत कुल 1150 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है जिसमें सबसे अधिक योगदान विकासखण्ड चम्पावत द्वारा 529 स्वयं सहायता समूह (SHG's) तथा सबसे कम 141 स्वयं सहायता समूह (SHG's) विकासखण्ड पाटी के माध्यम से किया जाता है। आजीविका मिशन के माध्यम से जनपद में कुल 8044 सदस्यों/परिवारों की आय में बढ़ोत्तरी का कार्य करवाया जा रहा है। विकासखण्ड बाराकोट एवं पाटी में विभाग को अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

2. वर्ष 2020–21 के मध्य विभाग द्वारा आजीविका मिशन के तहत कलु 120 स्वयं सहायता समूह गठित करवाये गये जिसमें विकासखण्ड पाटी द्वारा सबसे अधिक 45 SHG एवं सबसे कम विकासखण्ड चम्पावत द्वारा 17 SHG गठित कर जनपद के आंकड़ों में योगदान किया गया जबकि विकासखण्ड चम्पावत जनपद का सबसे बड़ा विकासखण्ड है। आजीविका हेतु प्राप्त इस तरह के आंकड़ें, जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक–आर्थिक विकास हेतु उचित नहीं है।

3. आजीविका मिशन के अन्तर्गत जनपद के अन्य विकासखण्ड़ों को वंचित रखते हुए मात्र विकासखण्ड चम्पावत में ही दो PIA'S के द्वारा सिर्फ वर्ष 2020–21 में ही 175 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया, जो कि बहुत न्यून आंकड़ा है। विभाग को उक्त आंकड़ें को बढ़ाने एवं सभी विकासखण्ड़ों को लाभान्वित करने हेतु कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए।

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI)

आरसेटी के द्वारा विगत तीन वर्षों के मध्य विभिन्न प्रकार के ट्रेड़ों में 1607 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें विकासखण्ड चम्पावत के अलावा अन्य सभी विकासखण्ड का योगदान न्यूनतम रहता है अर्थात अन्य विकासखण्ड़ों में आरसेटी को अधिक काम करनी की आवश्यकता है, तभी जनपद का समानान्तर सामाजिक–आर्थिक विकास हो पायेगा।

लघु उद्योग

1. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग हजारों की संख्या में जनपद के नागरिकों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र से हो रहा पलायन कम होगा। जनपद की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु एवं आजीविका के स्रोत बढ़ाने के लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का विकास आवश्यक है।

2. जनपद में बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अर्न्तगत लघु उद्यमों की स्थापना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना में ही प्रगति अन्य सभी योजनाओं की अपेक्षा संतोषजनक रहती है। विभाग द्वारा इन योजनाओं के साथ–साथ अन्य योजनाओं के आंकड़ों में भी वृद्धि हेतु ठोस रणनीति तैयार करनी चाहिए।

3. विभाग की इस योजना का विकासखण्डवार आंकड़ों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि सबसे अधिक आवेदन विकासखण्ड चम्पावत और पाटी के बैंकों में हैं जिन पर अभी भी बैंकों द्वारा कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गयी है।

पर्यटन

विगत पाँच वर्षों में 684731 पर्यटक जनपद में पर्यटन हेतु पहुँचे, जिसमें 683848 देशी पर्यटक एवं 883 विदेशी पर्यटक सहित कुल 684731 पर्यटकों द्वारा जनपद का भ्रमण किया गया। विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हेतु जनपद स्तरीय पर्यटन नीति विकसित करने हेतु विभाग को योजना बनाने की आवश्यकता है जिससे की अधिक से अधिक विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। आंकड़े निम्नवत तालिका में दर्शाये गये हैं।

वर्षवार पर्यटक सांख्यिकी माह जनवरी से माह दिसम्बर तक

क्र0 सं0	वर्ष	देषी	विदेषी	कुल
1.	2016	88,552	169	88,721
2.	2017	1,48,812	259	1,49,071
3.	2018	1,88,703	213	1,88,916
4.	2019	2,10,522	191	2,10,713
5.	2020	47,259	51	47,310
	योग	**683848**	**883**	**684731**

1. जनपद चम्पावत में इस योजना के तहत मात्र चार व्यवसाय में रूपये 577.77 लाख का परिव्यय करते हुए 45 इकाईयों को स्थापित कर स्वरोजगार प्रदान किया गया है, जिसमें सबसे अधिक योगदान वाहन मद का रहा। फूड कॉर्नर, होटल, वर्कशॉप आदि व्यवसाय तथा वाहन व्यवसाय में आय प्राप्त होने के समय में काफी अन्तर है। जबकि वाहन व्यवसाय की उम्र अन्य व्यवसाय से बहुत कम है। विभाग द्वारा युवाओं हेतु चर्चा–विमर्श गोष्ठी का आयोजन कर हुनर को पहचानते हुए योजना से लाभार्थियों का चयन करना चाहिए।

2. जनपद में इस योजना के तहत अभी तक कुल 101 होम–स्टे संचालित हो रहे हैं। लोहाघाट विकासखण्ड में 02 एवं विकासखण्ड चम्पावत में 04 होम–स्टे, दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होम–स्टे) विकास योजना के अर्न्तगत वर्ष 2018–19 से वर्ष 2019–20 के मध्य निर्मित हुए हैं। योजना के अन्तर्गत रूपये 134.24 लाख की धनराशि से लार्थियों को वित्तपोषित करवाया गया जिसमें अनुदान के रूप में लााभार्थियों को अधिकतम रूपये 10 लाख या न्यूनतम 33% के साथ–साथ देय ब्याज में न्यूनतम 50% या अधिकतम रूपये 1.50 लाख आगामी पांच सालों तक विभाग द्वारा वहन किये जाने का प्राविधान है जिससे होम–स्टे योजना को भविष्य में बढ़ावा मिलेगा।